

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 11 जून 2024 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-074 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय 13 जून से करेंगे विभागों की समीक्षा

**रायपुर,11 जून।** लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शासकीय काम-काज में कसावट और तेजी लाने 13 जून से विभिन्न विभागों के काम-काज और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा शुरू करने जा रहे हैं. इस समीक्षा बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे. मुख्यमंत्री साय 13 जून को दोपहर 01 बजे से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग और 3 बजे से पशुधन विकास, मत्स्यपालन एवं दुग्ध महासंघ के काम-काज की समीक्षा करेंगे. मुख्यमंत्री 14 जून को 11.30 बजे से स्वास्थ्य विभाग और 3 बजे चिकित्सा शिक्षा, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे. इसके अलावा साय 15 जून को 11.30 बजे से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा दोपहर 2 बजे से गृह एवं जेल विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे.

### शिक्षाकर्मियों को कौन सी पेंशन स्कीम का दिया जाएगा लाभ,हाईकोर्ट ने पूछा

**बिलासपुर,11 जून।** 22 साल पूर्व नियुक्त शिक्षाकर्मियों के संविलियन होने के बाद अब उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की बजाय नई योजना का लाभ दिया जा रहा है. मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने वित्त सचिव को व्यक्तिगत तौर पर शपथ पत्र देने का आदेश दिया है. कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि शिक्षाकर्मियों को आखिर कौन से पेंशन स्कीम का लाभ दिया जाएगा. अब मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी. बता दें कि करण सिंह बघेल और 39 अन्य ने एडवोकेट प्रतीक शर्मा के जरिए याचिका लगाई है. मामले की सुनवाई जस्टिस एनके व्यास के कोर्ट में हो रही है. याचिका में बताया गया है कि उनकी नियुक्ति वर्ष 1998 से शिक्षाकर्मी के पद पर हुई थी. तब से याचिकाकर्ता लगातार सेवाएं दे रहे हैं. 2018 में राज्य शासन ने इनका संविलियन शिक्षा विभाग में कर दिया. इसके बाद याचिकाकर्ताओं को इसी साल से पेंशन योजना का लाभ दिया गया. विभाग ने याचिकाकर्ताओं की सहमति के बिना ही नई पेंशन स्कीम के तहत उनके वेतन में से कटौती शुरू कर दी. साथ ही उनकी सेवा की गणना भी वर्ष 2018 से की गई है.

### सड़क हादसे में तीन बाइक सवारों की मौत

**रायगढ़,11 जून।** बाइक पर तीन लोगों की सवारी वैसे ही खतरे को निमंत्रण देना होता है, ऊपर से तेज रफ्तार रही-सही कसर पूरी कर देती है. ऐसा ही वाकया देर रात रायगढ़ जिले के पूर्वांचल स्थित ओडिसा मार्ग पर झरिया के पास हुआ, जिसमें बाइक सवार तीनों युवकों की मौत हो गई. इंडस सिनर्जी लिमिटेड के केंटीन में कार्यरत कर्मचारी उमेश, संजय और टिकेंद्र रात को बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे. कयास लगाए जा रहे हैं कि तेज रफ्तार होने की वजह से चालक बाइक पर नियंत्रण नहीं रख पाया और सड़क से नीचे उतर गई. दुर्घटना इतनी भयानक थी कि तीनों सवारों की मौके पर ही मौत हो गई. सुबह-सुबह तीन लोगों का मृत देखकर चक्रधर नगर थाना पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रायगढ़ भेज दिया है. इसके साथ ही युवकों की पहचान कर उनके परिजनों को सूचित किया. मृतकों में से दो सारंगढ़ तो एक रायगढ़ के लैलूंगा क्षेत्र का निवासी था.

### कोलकाता के पार्क स्ट्रीट इलाके में लगी आग

**कोलकाता,11 जून।** सेंट्रल कोलकाता के बिजी पार्क स्ट्रीट इलाके में मंगलवार को भीषण आग लग गई। हालांकि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। लेकिन कई घंटे बाद भी अग्निशमन विभाग आग पर पूरी तरह काबू नहीं पा सका है। आग लगने की खबर सबसे पहले सुबह करीब 10.45 को मिली।

# जले हुए भवन,वाहनों के ढांचे और शहर में सन्नाटा



## सीएम हाउस में हाईलेवल बैठक : सीएम साय, डिप्टी सीएम शर्मा और साव के साथ सतनामी समाज के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद

**रायपुर,11 जून।** बलौदाबाजार में कल आगजनी पथराव की घटना के बाद आज शहर में सन्नाटा है। ज्यादातर दुकानें बंद हैं। कुछ- कुछ दहशत का माहौल है। कलेक्ट्रोरेट परिसर में चारों ओर जले हुए वाहनों के अवशेष नजर आ रहे हैं। कलेक्टर कार्यालय के भवन का एक बड़ा हिस्सा जल गया है। महत्वपूर्ण दस्तावेज राख बन गये हैं। जनपद कार्यालय, कुटुम्ब न्यायालय व तहसील कार्यालय क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जाता है कि 50 कारें,150 बाइक तथा अन्य वाहन जलकर राख बन गये हैं। इस घटना को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया है। भीड़ तैयारी करके आये थी। प्रदेशभर के 25 हजार से ज्यादा लोग एकत्र थे। घटना को अंजाम देने पेट्रोल बम का भी उपयोग किया गया। शहर में धारा 144 लागू है।

बलौदाबाजार की घटना के बाद वहीं आज मुख्यमंत्री ने अपना जशपुर जिले का दौरा कार्यक्रम रद्द कर दिया और बलौदाबाजार मामले में सीएम हाउस में हाईलेवल की बैठक बुलाई। बैठक में डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साव समेत सतनामी समाज



के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद हैं. बता दें कि बलौदाबाजार हिंसक प्रदर्शन के बीच देर रात 1 बजे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा, राजस्व मंत्री टंकराराम वर्मा, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल समेत जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर ऑफिस पहुंचकर पूरे घटनाक्रम का अवलोकन किया और जानकारी ली. इस दौरान तीनों मंत्रियों ने घटना की निंदा की. वहीं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि घटना की पूरी जांच होगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा.

### एफएसएल की जांच टीम को मिले अहम सबूत

बलौदाबाजार घटना पर बड़ा अपडेट सामने आया है. यहां सुनोयजित तरीके से कलेक्ट्रेट और एसपी दफ्तर में तोड़फोड़ व आगजनी की घटना को अंजाम देने के संकेत मिले हैं. रायपुर से आई एफएसएल की जांच टीम को प्रारंभिक सबूत के रूप में कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर पेट्रोल बम के निशान मिले हैं. साथ ही बड़ी संख्या में पत्थर मिले हैं, जो आसपास के नहीं है, जो सुनियोजित षड्यंत्र की ओर इशारा कर रहा. बता दें कि गिरौदपुरी के जैतखाम में तोड़फोड़ से आक्रोशित सतनामी समाज के हजारों लोग आज कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करने निकले थे. इस दौरान झूमाझटकी और पथराव भी हुई, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए. वहीं कुछ लोगों ने कलेक्ट्रेट और एसपी दफ्तर में आग लगा दी, जिससे सैकड़ों गाड़ियां जलकर राख हो गई.

घटना को लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सतनामी समाज के लोग सत्य अहिंसा पर विश्वास करते हैं और हमने उनकी मांग पर न्यायिक जांच करने का आदेश कर दिया था और समाज के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि मान गये थे. समाज के लोगों ने कार्यक्रम का आयोजन कर मुख्यमंत्री को धन्यवाद देने की बात कही थी और शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने की बात कही थी. पर यह घटना घटी है बहुत ही निंदनीय है और इस तरह के कार्य में आसामाजिक तत्वों का हाथ है. जिन्होंने भीड़ को उकसाया और पूरे कलेक्टर परिसर में आग लगाकर तांडव मचाया. निश्चित ही इसकी पूरी जांच होगी, दोषियों को नहीं बक्शा जायेगा. कठोर कार्रवाई होगी.

**80 लोग गिरफ्तार-** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में हुए हिंसक प्रदर्शन में 25 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। इधर शांति व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है। इस मामले में पुलिस ने अब तक 80 लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रदर्शनकारियों ने कहने को तो उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई के लिए आंदोलन का आह्वान किया था, लेकिन दरअसल उनका मकसद ही आगजनी और मारपीट करना था।

### केंद्र ने राज्य सरकारों के लिए खोला खजाना

## छत्तीसगढ़ को 4,761 करोड़ रुपये वित्त मंत्रालय ने दिये

**नई दिल्ली,11 जून।** एनडीए सरकार के गठन के बाद पहली कैबिनेट बैठक में पीएम मोदी ने कई बड़े फैसले लिए। वित्त मंत्रालय ने राज्यों को टैक्स डिवोल्यूशन की राशि भी ट्रांसफर की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पदभार संभालने के तुरंत बाद बड़ा फैसला लेते हुए देश के सभी राज्यों को कुल 1,39,750 करोड़ रुपये का टैक्स डिवोल्यूशन जारी करने को हरी झंडी दिखाई। इसके तहत सबसे ज्यादा पैसा 25,069 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश को दिया गया है। वहीं बिहार 14,000 करोड़ रुपये दिये गए हैं। वित्त मंत्रालय ने अपने एक्स एकाउंट पर ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। केंद्र की ओर से क्क को 25,069.88 करोड़ रुपये दिए हैं। वहीं गठबंधन के मजबूत सहयोगी नीतीश कुमार के नेतृत्व वाला बिहार दूसरे नंबर पर है। वित्त मंत्रालय ने बिहार के लिए 14,056.12 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए हैं। इस लिस्ट में सबसे ज्यादा पैसा पाने वाला तीसरा राज्य मध्यप्रदेश है और इसके लिए 10,970.44 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। जबकि छत्तीसगढ़ को 4,761 करोड़ रुपये वित्त मंत्रालय ने दिये हैं। वित्त मंत्रालय ने राज्यों को टैक्स डिवोल्यूशन की राशि में सबसे कम राशि छोटे राज्य सिक्किम को दिये हैं। वित्त मंत्रालय ने सिक्किम को 542 करोड़ तो गोवा के लिए 539 करोड़ रुपये जारी किए है। वहीं मिजोरम को 698 करोड़ और नागालैंड को 795 करोड़ रुपये मिले हैं। गौरतलब है कि अंतरिम बजट 2024-25 में राज्यों को कर हस्तांतरण के लिए 12,19,783 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्यों को टैक्स डिवोल्यूशन जारी करते हुए वित्त मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि जून 2024 के लिए डिवोल्यूशन राशि की नियमित रिलीज के अलावा एक अतिरिक्त इंस्टॉलमेंट जारी होगी। इसे राज्य सरकारें विकास और पूंजीगत खर्च में तेजी लाने के लिए इस्तेमाल कर सकेंगी। इस हिसाब से देखें तो अतिरिक्त इंस्टॉलमेंट के साथ सोमवार 10 जून को राज्यों को हस्तांतरित कुल राशि (वित्त वर्ष 2024-25 के लिए) 2,79,500 करोड़ रुपये है। अन्य राज्यों को मिले पैसों की बात करें, तो वित्त मंत्रालय की ओर से पश्चिम बंगाल को 10513.46 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र को 8828.08 करोड़ रुपये, राजस्थान को 8421.38 करोड़ रुपये दिये हैं। जबकि ओडिशा को 6327.92 करोड़ रुपये, तमिलनाडु को 5700.44 करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश को 5655.72 करोड़ रुपये और गुजरात को 4860.56 करोड़ रुपये जारी किए हैं। देश के 28 राज्यों को जारी की गई इस राशि में शामिल झारखंड को 4621.58 करोड़ रुपये, कर्नाटक को 5096.72 करोड़ रुपये, पंजाब को 2525.32 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश को 1159.92 करोडड रुपये, केरल को 2690.20 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। इसके अलावा मणिपुर और मेघालय को क्रमशः 1000.60 और 1071.90 करोड़ रुपये मिले हैं।

## नहीं रुकेगी नीट काउंसिलिंग : सुको

**नई दिल्ली,11 जून।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित पेपर लीक को लेकर राष्ट्रीय प्रवेश और पात्रता परीक्षा-अंडरग्रेजुएट (एनईईटी-यूजी) 2024 को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी किया। एनटीए से जवाब मांगते हुए जस्टिस विक्रम नाथ और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाश पीठ ने मामले को 8 जुलाई के लिए पोस्ट कर दिया। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील से कहा कि यह इतना आसान नहीं है कि आपने ऐसा किया है, इसलिए यह पवित्र है। पवित्रता प्रभावित हुई है, इसलिए हमें जवाब चाहिए। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने एनटीए के वकील से कहा कि



आपको कितना समय चाहिए?

याचिका में आरोप लगाया गया कि एनईईटी-यूजी, 2024 कदाचार से भरा हुआ था। याचिकाकर्ताओं को पेपर लीक के विभिन्न मामलों के बारे में पता चला था। इसमें कहा गया है कि कथित पेपर लीक संविधान के तहत अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन है क्योंकि इससे कुछ उम्मीदवारों को अन्य लोगों की तुलना में अनुचित लाभ मिलता है जिन्होंने निष्पक्ष तरीके से परीक्षा देने का विकल्प चुना है। विशेष रूप से एनईईटी-यूजी परीक्षा देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस और आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा आयोजित की जाती है।

## बिगड़े बेटे की मां ने की हत्या

**अगरतला,11 जून।** त्रिपुरा के अगरतला में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां 9 साल के बेटे का चोरी करने और पढ़ाई न करने पर मां इतना भड़क गई कि उसने कथित तौर पर अपने कलेजे के टुकड़े की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की सूचना पर आस-पास के लोगों के होश उड़ गए हैं। अपना गुनाह कबूल करते हुए महिला ने बताया कि उसने अपने बेटे की हत्या कर दी है। इसके लिए उसे फांसी पर लटका दो। कोई पछतावा नहीं है। यह सनसनीखेज घटना सोमवार शाम को अगरतला के जॉयनगर में घटी। आरोपी महिला की पहचान सुप्रभा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी महिला को अपने बेटे के कत्ल के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। उसे आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने मामले में जानकारी दी कि जब वे मौके पर पहुंचे तो महिला घर पर अपने 9 साल के बेटे राजदीप के शव के पास बैठी हुई थी। पुलिस ने शव के पास से रस्सी और एक बांस की छड़ी बरामद की है। पुलिस को संदेह है कि आरोपी महिला ने अपने बेटे के कत्ले में इन्हें हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया था। बटाला चौकी प्रभारी राकेश बैद्य ने कहा, हमने मामला दर्ज कर लिया है। हम मामले की जांच कर रहे हैं।

## सरकारी अस्पताल में फर्श पर डिलीवरी

### बिलासपुर हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

**बिलासपुर,11 जून।** अंबिकापुर में एक स्वास्थ्य केंद्र में फर्श पर महिला द्वारा बच्चे को जन्म देने के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया, जिस पर सुनवाई हुई. इस दौरान कोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव से हलफनामे पर जवाब तलब किया है. मामले में चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने चीफ सेक्रेटरी, स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग संचालक, कलेक्टर सरगुजा के साथ सीएमओ अंबिकापुर, सिविल सर्जन अंबिकापुर और मेडिकल ऑफिसर नवानगर को नोटिस जारी किया है. दरअसल, अंबिकापुर के जिला मुख्यालय से लगे नवानगर निवासी प्रियावती पैकरा 9 माह की गर्भवती थी. दरिमा उप स्वास्थ्य केन्द्र में 8 जून 2024 को प्रसव पीड़ा होने पर उक्त महिला मितानिन के साथ उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, लेकिन वहां न तो कोई डॉक्टर और न ही कोई नर्स मौजूद थी. परिजन और मितानिन ने कई बार डॉक्टर व नर्स को फोन लगाया पर किसी ने नहीं उठाया. फिर मितानिन ने फर्श पर महिला का असुरक्षित प्रसव कराया.

इस मामले में संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने कहा है, कि जब राज्य सरकार राज्य के दूरदराज के इलाकों में रहने वाली जनता को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए भारी मात्रा में धन खर्च कर रही है तो ऐसी स्थिति क्यों बन रही है. स्वास्थ्य केंद्रों के मामलों का प्रबंधन करने के लिए जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी स्वयं अनुपस्थित हैं जब उनकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है. ऐसे में सरकार को कुछ कड़े कदम उठाने चाहिए. सुनवाई के बाद डीबी ने सचिव, स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग, रायपुर को निर्देश दिया है कि, वे घटना के संबंध में उठाए गए कदमों के संबंध में अपना व्यक्तिगत हलफनामा दायर करें और आगे सुनिश्चित करें।

## भारत सीमा पार आतंकवाद का समाधान खोजने की कोशिश करेगा

**नई दिल्ली,11 जून।** राष्ट्रपति भवन परिसर में एक भव्य समारोह में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने के दो दिन बाद भाजपा नेता एस जयशंकर ने मंगलवार को भारत के विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। आज एक साक्षात्कार में राजनेता ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सीट की तलाश और चीन और पाकिस्तान के साथ उसके संबंधों के संबंध में अपने मंत्रालय का रोडमैप पेश किया। इसके अलग-अलग पहलू हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में मोदी 3.0 की विदेश नीति बहुत सफ्ल होगी। भारत का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है, न केवल हमारी अपनी धारणा के संदर्भ में बल्कि यह भी कि दूसरे देश क्या सोचते हैं। उन्होंने यूएनएससी सीट के बारे में कहा कि भारत वास्तव में उनका मित्र है और उन्होंने देखा है कि संकट के समय में, अगर कोई एक देश है जो ग्लोबल साउथ के साथ खड़ा है, तो वह भारत है। उन्होंने देखा है कि जब हमने जी20 की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ की सदस्यता को आगे बढ़ाया, तो दुनिया ने हम पर भरोसा किया और हमारी जिम्मेदारियां भी बढ़ रही हैं, इसलिए हमें भी विश्वास है कि पीएम एस जयशंकर ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार 3.0 का ध्यान चीन के साथ सीमा मुद्दों का समाधान खोजने पर होगा। किसी भी देश में और खासकर लोकतंत्र में, किसी सरकार का लगातार तीन बार निर्वाचित होना बहुत बड़ी बात है। इसलिए दुनिया को निश्चित रूप से महसूस होगा कि आज भारत में काफी राजनीतिक स्थिरता है। जहां तक जहां तक पाकिस्तान और चीन का सवाल है, उन देशों के साथ संबंध अलग हैं और वहां की समस्याएं भी अलग हैं। चीन के संबंध में हमारा ध्यान सीमा मुद्दों का समाधान खोजने पर होगा। पाकिस्तान पर एस जयशंकर ने कहा कि भारत सीमा पार आतंकवाद का समाधान खोजने की कोशिश करेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ हम वर्षों पुराने सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे का समाधान ढूंढना चाहेंगे।

## मोदी को बधाई देना हमारी मजबूरी: पाक

**इस्लामाबाद,11 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश की बागडोर संभाल चुके हैं। ऐसा करने वाले वह देश के पहले गैर कांग्रेसी राजनेता बन गए हैं। पीएम मोदी के शपथग्रहण पर दुनियाभर के देशों से बधाई संदेश मिले। इसमें भारत के चिर प्रतिद्वंद्वी देश पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का नाम भी था। शहबाज ने छोटे से संदेश में पीएम मोदी को बधाई भेजी और पीएम मोदी ने उस पर धन्यवाद कहा। अब पाकिस्तान की तरफ से इस मामले में नया बयान सामने आया है। पाकिस्तानी चैनल जियो टीवी से बात करते हुए रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि शहबाज का पीएम मोदी को बधाई देना कोई मोहब्बत नहीं थी, बल्कि मजबूरी में हमारे



पीएम को ऐसा करना पड़ा। प्रधान मंत्री शहबाज़ शरीफ द्वारा तीसरी बार भारतीय प्रधान मंत्री चुने जाने पर नरेंद्र मोदी को बधाई देने के बाद पाकिस्तान की तरफ से सफाई आई है। पड़ोसी मुल्क के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि यह शहबाज का पीएम मोदी के प्रति प्यार नहीं था, बल्कि मजबूरी थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच तनावपूर्ण संबंधो का लंबा इतिहास रहा है।

आसिफ ने बयान दिया, मोदी को भारतीय पीएम बनने पर बधाई देना सिर्फ हमारी कूटनीतिक मजबूरी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता मोदी को कोई प्रेम का संदेश नहीं भेजा है। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान यह कभी नहीं भूलेगा कि मोदी भारत में मुसलमानों के हत्यारे हैं।

दरअसल, इससे पहले दिन प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नरेंद्र मोदी को शपथ लेने पर बधाई दी। एक्स पर पीएम शहबाज़ ने लिखा था,भारत के प्रधान मंत्री के रूप में शपथ लेने पर नरेंद्र मोदी को बधाई। शहबाज की पोस्ट के जवाब में, मोदी ने कहा था, आपकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। इसके अलावा पूर्व प्रधान मंत्री और सत्तारूढ़ पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष नवाज शरीफ ने भी एक्स पर पीएम मोदी को बधाई देते हुए कहा था, तीसरी बार पदभार संभालने पर मोदी जी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

हाल के चुनावों में आपकी पार्टी की सफलता आपके नेतृत्व में लोगों के विश्वास को दर्शाती है। आइए हम नफरत को हटाकर दक्षिण एशिया के दो अरब लोगों की नियति को नया आकार देने का काम करें। नवाज के जवाब में पीएम मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा था, आपके संदेश (नवाज शरीफ) की सराहना करता हूं। भारत के लोग हमेशा शांति, सुरक्षा और प्रगतिशील विचारों के लिए खड़े रहे हैं। हमारे लोगों की भलाई और सुरक्षा को आगे बढ़ाना हमेशा हमारी प्राथमिकता रहेगी।

# नीट के अभ्यर्थियों को मिले जल्द से जल्द न्याय:देवेंद्र यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 11 जून।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने नीट -2024 में पेपर लीक एवं परिणाम से संबंधित अभ्यर्थियों की शिकायतों का निराकरण कर जल्द से जल्द न्याय दिलाने के लिए केन्द्र सरकार से सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। अभ्यर्थियों के शिकायतों से संबंधित विषय को लेकर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल को पत्र लिखा है और मुलाकात के लिए उनसे समय भी मांगा है। विधायक यादव ने कहा कि नीट का विषय देश के लाखों छात्र-छात्राओं के वर्षों की मेहनत. सपने और उनके भविष्य से जुड़ा है। इस वजह से अभ्यर्थियों के साथ उनके पालक भी चितिंत है। अभ्यर्थियों ने एनटीए द्वारा ली गई नीट की परीक्षा एवं परिणाम से संबंधित शिकायतों का निराकरण नहीं किए जाने पर कई सवाल उठाए है, लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं है। परिणाम जारी करने के बाद हर दिन एक नए तथ्य सामने आ रही है। इससे अभ्यर्थियों के मन में गड़बड़ी की आशंका गहराई गहराती जा रही है। अब तक जो तथ्य सामने आई है उससे प्रतिस्पर्धी परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर सवाल खड़े हो गई है। विधायक ने



कहा कि एनटीए द्वारा जारी परिणाम के अनुसार एक ही परीक्षा केंद्र के 8 स्टुडेंट्स में से 6 अभ्यर्थियों ने 720 अंक हासिल किया है। मेरिट लिस्ट में 8 स्टूडेंटस के रोल नंबर एक ही सीरीज के है। जिन्हें ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त हुआ है। ऐसा पहली बार हुआ है कि 67 अभ्यर्थियों ने 100त्न अंक हासिल किया है। जो संदेहास्पद लग रहा है। एनटीए द्वारा जारी परिणाम में परीक्षार्थियों को दशमलव में अंक प्राप्त हुआ है। जबकि इस तरह का अंक देने के कोई नार्मल लाइजेशन सार्वजनिक नहीं किया गया है । स्टूडेंटस को दिए गए ग्रेस मार्क पर कई शैक्षणिक संस्थाओं ने भी सवाल उठाए हैं। विधायक यादव ने आगे कहा कि नीट का रिजल्ट जारी करने के लिए एनटीए ने इतनी जल्दबाजी क्यों की गई? जबकि परिणाम जारी करने की संभावित तिथि 14 जून 2024 थी। इससे 10 दिन पहले लोकसभा चुनाव परिणाम 4 जून के दिन रिजल्ट जारी कर दिया गया।

## सेल शाबाश योजना के विजेता कर्मचारियों का किया गया सम्मान



**भिलाई, 11 जून।** सेल द्वारा प्रारंभ की गई सेल शाबाश योजना के श्रेणी-2 के तहत वर्क्स एरिया के 364 कर्मचारियों को संबंधित विभाग के मुख्य महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष द्वारा उनके जीवनसाथी के साथ रॉयल क्रिस्टल गार्डन, भिलाई क्लब में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में आधिकारिक रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया गया था। भिलाई क्लब में 8 जून को पुरस्कार विजेताओं और उनके जीवन साथियों तथा शीर्ष प्रबंधन हेतु एक सांस्कृतिक कार्यक्रम और रात्रिभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों को अभिनव प्रयास और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने संबोधन में पुरस्कार विजेताओं को प्रेरित करने में उनके जीवन साथियों की विशेष भूमिका की सराहना की। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार और कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पुरस्कार विजेताओं के प्रयासों की सराहना की। मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया।



## डहरिया समाज का सामाजिक सम्मेलन आयोजित

**भिलाई, 11 जून।** सदगुरु कबीर साहेब के प्राकट्य दिवस के अवसर पर खमरिया वार्ड-1 में छत्तीसगढ़ महार (डहरिया) समाज का सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलादास डहरिया ने की। कार्यक्रम में समाज का प्रतिनिधत्व पंकज डहरिया, रानू डहरिया, खिलेंद्र डहरिया, रमेश दास, उमाशंकर डहरिया, मधुसूदन डहरिया ने किया एवं सैकड़ों की संख्या में समाज के लोगों ने अपनी उपस्थित दर्ज कराई एवं अपनी एकजुटता का परिचय दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शंभू गुप्ता प्रदेश संयोजक स्वच्छता प्रकोष्ठ भाजपा एवं भाजपा नेता शारदा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में सुभाष शर्मा भाजयुमो वैशाली नगर प्रभारी, टावरी एवं विनोद देवांगन भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने समाज के साथ हमेशा खड़े रहने का वादा किया एवं समाज की मांगों को भी उचित पटल पर रखने का आश्वासन दिया साथ ही समाज के प्रगति के लिए भी बहुत सारे सुझाव दिए एवं भविष्य के लिए समाज के सभी गणमान्यों को शुभकामनाएं दी।

## एक नजर

### बाबू से 14 लाख की ठगी

**भिलाई, 11 जून।** भिलाई सीएएफ सातवीं वाहिनी के कार्यालय में पदस्थ एक बाबू से 14 लाख रुपये की ठगी हुई है आरोपितों ने शेयर ट्रेडिंग में अच्छा लाभ दिलवाने का झांसा देकर पीड़ित से ठगी की है घटना की शिकायत पर स्मृति नगर चौकी पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है पुलिस ने बताया कि कातुलबोर्ड निवासी शिकायतकर्ता मूलचंद वर्मा सीएएफ सातवीं वाहिनी नेहरू नगर में बाबू हैं साइबर ठगी करने वाले शातिर ने पीड़ित से पीडीएफईएक्स नाम का एप डाउनलोड करवाया था और उससे ट्रेडिंग के नाम पर 14 लाख रुपये की ठगी कर ली। आरोपितों के कहने पर शिकायतकर्ता ने दो से 27 मई के बीच विभिन्न खातों में 14 लाख रुपये जमा किए थे। इसके बाद भी जब पीड़ित को कोई लाभांश नहीं मिला तो उसने आरोपितों से संपर्क किया तो उन्होंने लाभांश देने के लिए और रुपयों की मांग की तब शिकायतकर्ता को ठगी का अहसास हुआ और उसने पुलिस से शिकायत की।

### मणिकंचन केंद्र से सामान चोरी

**भिलाई, 11 जून।** भिलाई जामुल पुलिस ने बताया कि ग्राम शिवपुरी जामुल की अनिता साहू नगर पालिका में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वार्ड क्रमांक 17 में उनका मणिकंचन केन्द्र क्रमांक 02 है 6 जून को मणिकंचन केन्द्र में अपने काम पर गई थी तब वह वेट मशीन व पाइप से अपने कर्मचारियों से काम करवा कर उक्त मशीन व पाइप को मणिकचंन केन्द्र में रखकर शाम को प्रार्थिया और सभी कर्मचारी अपने अपने घर चले गये अगले दिन अपने काम पर आकर देखी तो मंणिकंचन केन्द्र क्रमांक - 02 में रखा वेट मशीन व पानी पाइप नहीं था। अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

### बीएसपी कर्मी ने खुदकुशी की

**भिलाई, 11 जून।** भिलाई बीएसपी कर्मी ने बाथरुम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उन्हें सेक्टर-9 अस्पताल भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया बताया जाता है कि मृतक को आज ही ड्यूटी ज्वाइनिंग करनी थी अचानक आत्मघाती कदम उठा लेने से परिजन भी हैरान हैं फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-7 निवासी टोमन देशमुख (56 वर्ष ) बीएसपी कर्मी थे। सोमवार सुबह नहाने के लिए बाथरूम में जाने के दौरान कपड़े का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली जानकारी होने पर परिजन ही उन्हें सेक्टर-9 अस्पताल ले गए थे मृतक टोमन लकवा से ग्रसित हो गए मृतक को आज ड्यूटी ज्वाइनिंग करनी थी। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### आदतन बदमाश गिरफ्तार

**भिलाई, 11 जून।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र में दो स्थानों पर चाकू लेकर गुंडागर्दी कर रहे दो आदतन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई जेल भेजा गया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि कर्मा भवन सुपेला के पास चाकू लेकर घूम रहे आरोपित थानू यादव उर्फ अक्कू (22) निवासी शास्त्री नगर कैंप-एख और ओशो पब्लिक स्कूल के पास सुपेला के पास चाकू लेकर घूम रहे आरोपित अर्जुन नेताम (26 ) निवासी शास्त्री चौक बीएम शाह अस्पताल के पास को गिरफ्तार किया गया है दोनों आरोपितों के खिलाफ पुराना आपराधिक रिकार्ड भी रहा है ।

### महापौर ने मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविर में पहुँचकर हितग्राहियों से की बात

**दुर्ग, 11 जून।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत 5 नग मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में किया जा रहा है। जिसमे 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट सामान्य (महिला एवं पुरुष) दोनों के लिए है, तथा 1 मोबाइल मेडिकल यूनिट (दाई दीदी क्लिनिक) का संचालन केवल महिलाओं के लिए किया जा रहा है। जिसे दुर्ग शहर अंतर्गत निगम द्वारा निर्धारित रूट चार्ट के आधार पर शिविर में लगाया जाता है। दाई दीदी क्लिनिक होने पर भ कुछ पुरुषों हितग्राही द्वारा यूनिट पर आकर चेकअप करवाने की मांग करते हैं उन्हें बताया जाता है कि यह गाड़ी केवल महिलाओं के लिए है पुरुष हितग्राहियों के लिए चिन्हांकित स्थल पर मेडीकल यूनिट लगाई जाती है।महापौर धीरज बाकलीवाल ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ वार्ड 42, 43, कसारीडीह एवं वार्ड 44 गुरुघासीदास वार्ड के मध्य कन्हैयापुरी चौक में दाई दीदी क्लिनिक का शिविर लगाया गया है। जिसका निरीक्षण किया गया।इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों से अपील कर कहा कि दाई दीदी क्लिनिक में केवल महिला हितग्राहियों का चेकअप सम्भव है।नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत श्रमिकों को उनकी ही बस्ती में उनके घर के नजदीक सारी चिकित्सकीय सुविधाएं मिले।नगर निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर प्रतिदिन 5 वार्डों में लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने वार्डों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर लगवाया जा रहा है। नगर पालिक निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल युनिट श्रमिक बस्तियों में जाकर अपनी चिकित्सकीय सेवा लगातार दे रही है।इसी क्रम में प्रातः आज महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा शिविर में पहुँचकर हितग्राहियों से बात की।सबने सुविधा को सराहा। हितग्राहियों ने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट में जांच व इलाज की सेवाएं बेहतर हो रही है।

### प्रधानमंत्री नि:शुल्क डायलिसिस योजना अंतर्गत एस्काग संजीवनी कर रही डायलिसिस यूनिट का संचालन

**दुर्ग, 11 जून ।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में प्रधानमंत्री नि:शुल्क डायलिसिस योजना के अंतर्गत मात्र 02 डायलिसिस मशीने थी, इस नि:शुल्क डायलिसिस योजना के अंतर्गत एस्काग संजीवनी द्वारा डायलिसिस यूनिट का संचालन किया जा रहा है। पूर्व में सिर्फ 50-55 डायलिसिस हो पाता था। सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू से मिली जानकारी अनुसार नि:शुल्क डायलिसस प्रोगाम के अंतर्गत फेयर फैक्स ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 में जिला चिकित्सालय दुर्ग को 05 मशीने प्राप्त हुई है। जिसमें वर्तमान में ×50-400 डायलिसिस प्रति माह हो रहे है। जिला चिकित्सालय द्वारा आयरन सुक्रोस जिसकी कीमत ×50-400 रूपये है।

## भेलवा तालाब की सफाई शुरू, महापौर एवं आयुक्त ने लिया जायजा



भिलाई, 11 जून। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में नेहरू नगर भेलवा तालाब एक विशेष आकर्षण का केन्द्र है। जिसमें रोज सुबह एवं शाम को टहलने, घुमने, मॉर्निंग वाक करने, खेलने हजारो लोग आते हैं। वहां की बनावट संरचना चरों तरफ हरे-भरे नारियल के पेड़, गुरूद्वारा, मंदिर, पाथवे, बालीवाल खेल का मैदान, आधुनिक जिम, बच्चों के झूले, तालाब में खेलते हुए हंस, बतख, पक्षी, खिले हुए कमल इत्यादि सब के मन को मोह लेता है। कुछ दिनों से तालाब के बीच में कमल के ढेंस, हाईड्रोला घास इत्यादि फैल जाने के कारण तालाब के सफाई हेतु बहुत दिनों से सब की मांग थी, उसको देखते हुए महापौर नीरज पाल, एम.आई.सी. सदस्य सीजू एन्थोनी, आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, जोन आयुक्त रवि सिन्हा, जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, के साथ तालाब का निरीक्षण किये। तालाब सफाई के लिए दुर्ग ढ़िमरा पारा से 20 ढ़िमरो की टोली को बुलाया गया जो अपने व्यवहारी शैली में टयूब, रस्सी, जाल, हंसिया इत्यादि लेकर भेलवा तालाब पहुंचे और तालाब सफाई की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि एक हफ्ते के अंदर तालाब की सफाई हो जायेगी। महापौर एवं आयुक्त ने तालाब के सौंदर्यीकरण के बारे मे चर्चा की साथ ही आगे के कार्यवाही सौंदर्यीकरण एवं अन्य कार्य तालाब में जमी हुई लद्दी चैन माउटिंग से निकालने कहा। यह देखकर सुबह वहां टहलने वाले भारत विकास परिषद के सचिव जितेन्द्र सिंह, गौतम मिश्रा, एस.एन.राजू आदि ने इस कार्य बहुत सराहना की। आयुक्त ध्रुव ने भेलवा तालाब में टहलने, घूमने वाले नागरिकों से अपील की है कि आप लोग स्वच्छता में निगम का सहयोग करें, किसी भी प्रकार का घर से निकलने वाले पूजा सामग्री, झिल्ली, नारियल, किताबे, पुराने फोटो को तालाब में न फेंके, इसके लिए तालाब में ही जाली लगाकर एक पिट बनाया गया है। वहीं पर विसर्जन का सामग्री डालें। खूबसूरत तालाब की खूबसूरती के लिए सहयोग करें।

## सिंटर प्लांट विभाग ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




भिलाई, 11 जून। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट विभाग ने रविवार को भिलाई क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा विशेष अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ रवींद्रनाथ एम उपस्थित थे। यह रक्तदान शिविर मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता के मार्गदर्शन में महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष जगेंद्र कुमार तथा महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष एम आर के शरीफ के सहयोग से वित्तीय वर्ष 2023-24 में सिंटर प्लांट के रिकॉर्ड तोड़ वार्षिक उत्पादन और विभाग के एबीपी लक्ष्यों की पूर्ति के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने अपने संबोधन में रक्तदान पहल की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि सिंटर प्लांट बिरादरी ने उत्पादन में नए कीर्तिमान स्थापित करने के साथ ही समाज सेवा में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। विशेष अतिथि डॉ रवींद्रनाथ एम ने रक्तदान शिविर की सराहना की और रक्तदान शिविरों के महत्व पर प्रकाश डाला। सिंटर प्लांट बिरादरी के आर डी शर्मा, श्रीमती सरिता देवांगन, गंगाधर मोरे तथा अन्य सदस्यों द्वारा संगीतमय प्रस्तुतियां भी दी गईं। आयोजन में उप महाप्रबंधक एम यू राव, सहायक महाप्रबंधक आर के रणदिवे, सहायक महाप्रबंधक राजेश साहू, वरिष्ठ प्रबंधक अरुणेश शर्मा, उप प्रबंधक दिनेश मानिकपुरी तथा राजीव शर्मा सहित स्वैच्छिक रक्तदाताओं, तथा सिंटर प्लांट विभाग व जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र कर्मचारियों ने योगदान दिया।

## महापौर ने किया एक करोड़ से हो रहें नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण

**दुर्ग, 11 जून।** नगर पालिक निगम।मंगलवार आज महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा एमआईसी,पार्षद एवं निगम अफसरों के संग दुर्ग केंद्रीय जेल स्थित क्रिश्चयन कब्रिस्तान से मालवीय नगर चौक तक एक करोड़ की लागत से निर्मित की जा रही नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।बता दे कि हर वर्ष गौरव पथ में बरसाती पानी की निकासी नही होने के कारण महापौर के निर्देश पर निर्मित नाला निर्माण का बहाव मालवीय नगर नाला की तरफ जोड़ा गया है।ताकि बारिश के बहते पानी का बहाव बेहतर हो सके।तथा कार्य के दौरान गुणवत्ता एवं पानी के समुचित बहाव हेतु नाली के स्लोप मेंनटेन पर विशेष ध्यान दें।उन्होने ठेकेदार को निर्देश दिए कि निर्माण सामग्री एवं काम में लगी मशीनों के कारण सड़क पर आवागमन बाधित न हों, इस हेतु निर्माण सामग्री व मशीनों को सड़क के किनारे व्यवस्थित रूप से रखें।आज महापौर धीरज बाकलीवाल ने उक्त निर्माण कार्य का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान वित्त विभाग के प्रभारी दीपक साहू,स्वास्थ्य विभाग प्रभारी हमीद खोखर,पार्षद भास्कर कुंडले,कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम के अलावा उपअभियंता करण यादव,राजू बक्शी और ठेकेदार मौजूद रहें।इस समय उन्होने नाला निर्माण कार्य का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देने के साथ ही कहा कि नाला निर्माण हो जाने के पश्चात पानी का बहाव निर्वाध रूप से हो, इस हेतु स्लोप मेंनटेन करते हुए कार्य को संपादित कराएं।

## मानसून को देखते हुए आयुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक



भिलाई, 11 जून। आगामी कुछ दिनों में मानसून के आगमन को देखते हुए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने नगर निगम भिलाई एवं भिलाई स्टील प्लांट के अधिकारियो को दिये निर्देश जिसमें प्रमुख रूप से अपर आयुक्त, सर्व अधीक्षण अभियंता, सर्व जोन आयुक्त, बीएसपी से के के यादव , स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, भवन अधिकारी, सर्व जोन स्वास्थ्य अधिकारी, जनसम्पर्क अधिकारी आदि को बारिश से पूर्व कार्य योजना के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जितने भी पुराने होर्डिंग्स लगे हैं उन सभी को चेक किया जावे। कोई कमजोर, सड़ा-गला होर्डिंग्स हो उसे हटाया जाये। नालियों एवं नाली के सफाई में शीघ्रता लाई जाये। जलजनित बिमारी जैसे- डायरिया, मलेरिया, डेंगू इत्यादि से बचने के लिए घर-घर जाकर दवाई का वितरण करना, घरों को चेक करना, प्रत्येक जोन में विशेष दल गठित कर रखना जो आवश्यकता पड़ने पर मुस्तैद रहे। नगर निगम भिलाई में कंट्रोल रूम सुचारू रूप से संचालित हो, तीनों शिफ्ट में कर्मचारी बैठे लोगों की समस्याओं को नोट करके संबंधित अधिकारी कर्मचारी को बताएं। स्वास्थ्य विभाग का दल नालियो में या अन्य किसी स्थल पर पाईप से पानी का लिकेज हो रहा हो तो उसे बताएं, उसका संधारण कार्य निगम का जल विभाग त्वरित रूप से करें। सभी जोन से पानी का सेम्पल लिये जाये, उनकी जांच की जाए कि पर्याप्त मात्रा में गुणवत्ता है की नहीं। उसी के साथ बहुत से घरों में प्राइवेट एजेंसी से आर.ओ. का पानी लिया जाता है। उन्हें भी चेक करें वह भी मानक के अनुकूल है कि नहीं। इसके संबंध में आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारियों से भी अपील की गई है कि सब लोग नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों का सहयोग करें।

## आगजनी की स्थिति में सही जांच करने का दिया विशेष प्रशिक्षण



**भिलाई, 11 जून।** भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्निशमन सेवा विभाग द्वारा मैत्री बाग में विभिन्न प्रकार की आगजनी के लिये, सही प्रकार के इक्स्टिंगिशर का उपयोग कैसे करें, इसके बारे में मैत्री बाग के कर्मचारियों को अग्निशमन सेवा के दल से एफएसओ दिनेश भट्ट, लीडिंग फायर मैन अरुण कुमार, फायरमैन जेसमत, फायर मैन बन्ना लाल मीणा द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया। उद्यान विभाग प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक डॉ एन के जैन के ने अग्निशमन विभाग के दल का आभार व्यक्त किया एवं उद्यान विभाग के कर्मचारियों को आगजनी की स्थिति उत्पन्न होने पर बताये गये नियमों के द्वारा इन यंत्रो के नियंत्रण और उपयोग के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक पी पी रॉय, आरिफ खान, राजेश शर्मा, ललित कुमार, के नर्सेय्या, प्रेम साहू, लोकेश कुमार, जितेंद्र, सुनील, अशोक कुमार, हीरामन पाटिल एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## वार्ड नंबर-30 के घरों में पानी प्रेशर की निगम अफसरों ने लोगों से ली जानकारी

**दुर्ग,11 जून।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को लेकर निगम प्रशासन गंभीर है।महापौर धीरज बाकलीवाल और आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर आज प्रातः जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, वार्ड पार्षद भोला महोविया,सहायक अभियंता गिरीश दीवान,उपअभियंता मोहित मरकाम,जल कार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर ने वार्ड के रहवासियों से मिलकर उनके घरों में पानी का प्रेशर समस्या के बारे मे पूछताछ कर जानकारी ली।वार्ड पार्षद के द्वारा लगातार शिकायत के बाद वार्ड क्षेत्र के सभी घर मे जाकर पानी के प्रेशर को चेक किया गया।प्रेशर कम की शिकायत को लेकर सहायक अभियंता गिरीश दीवान ने कहा कि वार्डो में पानी की प्रेशर की समस्या को जल्द हल लिया जाएगा।उन्होंने ये भी कहा कि नगर निगम में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी जन समस्याओं को लेकर निगम प्रशासन गंभीर है। नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड में नगरवासियों से मिलकर जल समस्या के बारे मे पूछताछ कर जानकारी ली गई है।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि वार्डो में पानी की समस्या नहीं होने की बात कही। साथ ही उन्होंने समस्या को तत्काल निराकरण करने की बात विभागीय



अधिकारियों से की।सहायक अभियंता एवं जल विभाग के नोडल अधिकारी गिरीश दीवान ने बताया की कुछ दिनों में जिस वार्ड में प्रेशर की समस्या है जल्द निराकरण कर वार्ड के लोगों के घरों में पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सकेगा।उन्होंने बताया कि पाइप लाइन डालने का कार्य वार्डों में निरन्तर चालू है।ठेकेदार से कहा गया है कि जिन वार्डों में पाइप लाइन नही है डाला गया है।वहां जल्द पाइप लाइन डाला जावेगा।

## दिल्ली पहुंचकर इन्द्रजीत सिंह ने दी तोखन साहू एवं विजय बघेल को बधाई



**भिलाई, 11 जून।** हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के युवा डायरेक्टर एवं समाजसेवी इन्द्रजीत सिंह छोटू ने बिलासपुर लोकसभा से नव निर्वाचित सांसद तोखन साहू से छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली में मुलाकात कर उनको केंद्र सरकार में मंत्री पद पर शपथ लेने पर एवं दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल को भी उनकी जीत पर आत्मीय बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बलकर एसोसिएशन के अध्यक्ष मलकीत सिंह लल्लू एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

संपादकीय

# आप ने गठबंधन से अलग राह चुन ली

राजनीति में कभी भी कुछ भी हो सकता है, जरूरत पड़ने पर विरोधी भी एक राह पर चलने को मजबूर हो जाते हैं और जरूरत न रहने पर अपनी राह अलग कर लेते हैं। जब लोकसभा का चुनाव होता है तो विपक्ष के दल एक होने का प्रयास करते हैं ताकि भाजपा को हराया जा सके। लेकिन जब बात विधानसभा चुनाव की आती है तो उन्हें किसी दल की जरूरत नहीं रहती है वह समझते हैं कि हम अकेले चुनाव लडेंगे तो राज्य में राजनीतिक रूप से मजबूत रहेंगे। हर राजनीतिक दल चाहता है कि वह केंद्र की राजनीति में मजबूत स्थिति में रहे या न रहे लेकिन राज्य में तो उसे ही एक नंबर व दो नंबर पर रहना चाहिए। राज्य में उसी राजनीतिक दल को जनता भी विकल्प के रूप में चुनना पसंद करती है जो नंबर दो पर रहता है। इसलिए सारे राजनीतिक दलों की कोशिश होती है कि वह एक नंबर पर नहीं है तो उसे दो नंबर पर तो रहना ही चाहिए। यही वजह है कि आप के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद इंडी अलायंस से अलह राह पर चलने का फैसला किया है। गोपाल राय का कहना है कि कांग्रेस के साथ आप का अलायंस तो लोकसभा चुनाव तक ही था, लोकसभा चुनाव के बाद अब आप ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए गोपाल राय ने साफ कर दिया है कि अह दिल्ली का विधानसभा चुनाव अकेले ही लड़ेगी। यानी आप ने अभी से यह साफ कर दिया है कि वह दिल्ली विधानसभा चुनाव कांग्रेस के साथ गठबंधन करके तो नहीं लड़ेगी क्योंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप ने दो बार पूर्ण बहुमत वाला सरकार बनाई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए आप को कांग्रेस के सहयोग की जरूरत नहीं है। लोकसभा चुनाव में आप व कांग्रेस ने दिल्ली में गठबंधन कर चुनाव लड़ा तथा पंजाब में अलग अलग चुनाव लड़ा था। दिल्ली मे तो आप पार्टी को तो कोई फायदा नहीं हुआ क्योंकि आप ओर कांगेरस दोनों को हार का सामना करना पड़ा है। दोनों को उम्मीद थी वह मिलकर दिल्ली लोकसभा चुनाव में तो भाजपा को तो हरा सकते हैं लेकिन वह हमेशा की तरह असफल रहे। पंजाब में दोनों ने अलग अलग चुनाव लड़ा तो इसमें कांग्रेस को तो फायदा हुआ है वह 13 में से 7 सीट जीतने में सपल रही, वही आप जो पूरे 13 सीट जीतने का सपना देख रही थी वह मात्र तीन सीट ही जीत सकी है। बाकी तीन सीट में से एक अकाली दल तथा दो निर्दलीय चुनाव जीते हैं। तीन सीट जीतने के कारण आप अब राष्टीय राजनीति में बड़ी भूमिका नहीं निभा सकती। अब तो उसे भी अन्य दलों की तरह राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस की बड़ी भूमिका को न चाहकर भी स्वीकार करना होगा। दिल्ली के सीएम कहां राष्ट्रीय राजनीति में अहम भूमिका निबाहने की सोच रह थे कहां अब उनको पंजाब की मात्र तीन सीट के कारण कोई तरजीह शायद ही मिले। कांग्रेस ने अन्य दलों के साथ गठबंधन कर 99 सीटें जीतकर राष्ट्रीय राजनीति में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है । अब उसकी कोशिश होगी कि राज्यों में भी वह अपनी खोई हुई ताकत को वापस पा ले। पर यह केंद्र की राजनीति की तरह आसान नहीं है। आने वाले विधानसभा चुनाव में जिस राज्य में जो विपक्षी दल सरकार में या है दूसरे नंबर पर है। वह तो कभी नहीं चाहेगा कि कांग्रस मजबूत होकर उसकी जगह पर कब्जा कर ले। क्योंकि राष्ट्राय राजनीति के लिए दलों का राज्य की राजनीति में मजबूर होना जरूरी होता है। जो दल राज्य में मजबूत होता है, वही तो लोकसभा चुनाव में ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ता है। विधानसभा चुनाव में भी वह चाहता है कि पहले नंबर पर न रहे तो दूसरे नंबर पर तो रहे। जैसे अखिलेश यादव व राहुल गांधी ने यूपी में लोकसभा का चुनाव मिलकर लड़ा और भाजपा को तगड़ा नुकसान पहुंचाने में सफल रहे। दोनों ने मिलकर 43 सीटें जीती हैं। इसमें सपा ने 36 व कांग्रेस ने सात सीटें जीती हैं। यूपी में यह बड़ी सफलता सपा के अखिलेश यादव के कारण मिली है क्योंकि सपा ने ज्यादा सीटें जीतीं हैं, कांग्रेस ने तो 17 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 10 हार गई। रायबरेली व अमेठी में अखिलेश यादव ने सहयोग न किया होता यह दोनों सीट भी कांग्रेस शायद ही जीत पाती। सपा राज्य में वैसे ही नंबर दो की पार्टी है। वह विधानसभा चुनाव में भाजपा का विकल्प बने रहना चाहेगी। इसके लिए जरूरी है कि सपा विधानसभा की ज्यया सीटों पर चुनाव लड़े और कांग्रस उतनी सीटों पर चुनाव लड़े जितनी सीट सपा देती है। यही फार्मूला सभी विपक्षी दल आने वाले दिनों में अपनाएंग और कांग्रेस को अपने राज्य में कमजोर ही बनाए रखने का प्रयास करेंगे।

समसामयिक

संजय सक्सेना

# 2027 के लिए सपा के पीडीए के खिलाफ बीजेपी एलर्ट मोड में



उत्तर प्रदेश में मिली शानदार और यादगार जीत के बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के हौसले पूरी तरह से बुलंदी पर हैं। अब एक और नया अध्याय लिखते हुए लोकसभा चुनाव की सफलता 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी दोहराना चाहते हैं। 2024 के आम चुनाव में जहां उनके सामने मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चेहरा थे तो वहीं 2027 में उनका मुकाबला तेज तर्रार नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से होगा। मोदी की तरह योगी को भी परास्त करने के लिये समाजवादी पार्टी पिछड़ा,दलित, अल्पसंख्यक(पीडीए) पर ही दांव लगायेगी,लेकिन उसको मुद्दे बदलने पड़ेगें। योगी से मुकाबला करते समय अखिलेश संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने की सियासत को अमलीजाना नहीं पहना पायेंगे। क्योंकि की यह मुद्दे केन्द्र के अधीन आते हैं। लॉ एंड आर्डर के मामले पर भी वह योगी सरकार को नहीं घेर पायेंगे। ऐसे में उनके पास अगड़े-पिछड़ें और दलित की राजनीति ही शेष बचेगी। परंतु बीजेपी कहती है कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है। बीजेपी ने अभी से दलितों और पिछड़ों को साधना शुरू भी कर दिया है। मोदी सरकार के तीसरी बार शपथ ग्रहण के साथ इस खाई को पाटने का काम शुरू भी हो गया है ।यूपी में बीजेपी को इस बार सीटें भले ही कम मिली,परंतु मोदी मंत्रिमंडल में यूपी के सांसद जगह बनाने में कुछ ज्यादा ही कामयाब रहे। यूपी से जिन सांसदों को मंत्री बनाया गया ,उनमें से कई पिछड़े और दलित समाज से आते हैं, जिनके सहारे बीजेपी प्रदेश में एक बार फिर से सामाजिक समीकरण अपने पक्ष में करने के प्रयास में है। मंत्रिमंडल में जातीय भागीदारी बनाए रखी गई है। पिछली बार के तीन की बजाए इस बार सिर्फ दो दलित चेहरों को जगह दी गई है। इनमें धनगर जाति के डॉ, एसपी सिंह बघेल को फिर से रिपीट किया गया है। तो पासी जाति से आने वाले कौशल किशोर की जगह कमलेश पासवान को जगह दी गई है। कुमिर्यों में फिर से अनुप्रिया पटेल और पंकज चौधरी को रिपीट किया गया है। तो लोध चेहरे के तौर पर बीएल वर्मा को दोबारा मंत्री बनाया गया है। हालांकि उन्नाव से तीन बार और सात बार सांसद रह चुके साक्षी महाराज को लोध चेहरे के रूप में जगह नहीं दी गई है। इसके अलावा क्षत्रियों की नाराजगी को देखते हुए इस बार भी इस बिरादरी के राजनाथ सिंह और कीर्तिवर्धन सिंह को जगह दी गई है।

बहरहाल,लोकसभा चुनाव में पीडए के जरिए सामजिक समीकरण साध ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव जमीन पर केमिस्ट्री ठीक करने की रणनीति में जुट गए है। 2027 के विधानसभा चुनाव के पहले अखिलेश की सबसे अधिक नजर पार्टी की अवधारणा बदलने पर है, जिससे साथ आए वोटरों को सहेजा और नए वोटरों को जोड़ा जा सके। यही वजह है कि अखिलेश अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को संयम, संवाद और कनेक्ट की सीख हर बैठक में दे रहे है।

सपा के हिस्से में दस साल के बाद इतनी बड़ी जीत आई है। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा को पहली बार 32 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे। 2.95 करोड़ से अधिक वोटरों ने ईवीएम पर साइकल का बटन दबाया था। 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा को कांग्रेस का साथ मिला, लेकिन तब साथ लड़े रालोद, सुभासपा, अपना दल सहित कुछ और छोटे दलों ने साथ छोड़ दिया। बावजूद इसके अखिलेश अपनी वोट की पूरी पूंजी बरकरार रखने में सफल रहे। बसपा के साथ ही भाजपा कके कोर वोटों में सेंध लगाकर सपा ने विधानसभा चुनाव की अपेक्षा 1 प्रतिशत वोटों की बढ़त बनाते हुए 33,59 प्रतिशत वोट हासिल किए हैं। पार्टी को एक फिर 2.95 करोड़ से अधिक वोट हासिल हुए है। अपने दम पर ही सपा 45 प्रतिशत से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में आगे रही है। इसलिए 2027 की तैयारियों को लेकर उम्मीद और हौसला दोनों ही सपा को मिला है।

सपा प्रमुख अखिलेश ने जीत के बाद कार्यकर्ताओं से मुलाकात व सांसदों से संवाद में जमीन से कनेक्ट रहने के साथ सतकर्ता की नसीहत भी दी है। यह नसीहत व्यवहार,



भाषा से लेकर सार्वजनिक आचरण तक ये जुड़ी हुई है। दरअसल, भाजपा की कई सीटों पर पिछड़ने की एक वजह उसके सांसदों का घमंडिया व्यवहार और जनता से उनकी दूरी थी। अखिलेश इस बीमारी को अपनी पार्टी में नहीं पनपन देना चाहते। सोशल मीडिया के दौर में हर वायरल विडियो-ऑडियों भी पार्टी व प्रत्याशी का परसेप्शन बनाते-बिगाड़ते हैं। सपा ने सरकार और विपक्ष में रहते हुए इसका खूब नुकसान झेला है। 2012 में अखिलेश के सीएम की शपथ लेने के दौरान कार्यकर्ताओं के हंगामे से बनी अवधारणा न केवल सरकार में पार्टी के लिए मुसीबत बना था, बल्कि विधानसभा चुनाव में भी कानून-व्यवस्था को भाजपा ने सबसे बड़ा मुद्दा बनाकर बाजी पलट दी थी। 2022 के विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं और पार्टी के कोर वोटरों के अति उत्साह और प्रतिक्रिया कि चलते हुए सामाजिक ध्रुवीकरण का नुकसान उठाना पड़ा था। लोकसभा चुनाव के प्रचार के बीच भी अखिलेश ने कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग की बात कही थी। सपा के एक वरिष्ठ नेता के अुनसार सांसद, पदाधिकारी, कार्यकर्ता सबसे अखिलेश सतर्क रहने कह रहे है। जिससे पार्टी सरकार से जवाब मांगने की जगह अपनों को ही लेकर सवालों में न उलझे।

इस बार के आम चुनाव में एक बात और खास हुई सपा प्रमुख ने मुस्लिम-यादव कोर वोटरों तक ही सीमित पार्टी के टैग को पीडए के प्रयोग से तोड़ दिया है। विधानसभा चुनाव में जहां गैर यादव ओबीसी वोट का विस्तार किया था, लोकसभा चुनाव में दलित वोटों में पार्टी ने खूब सेंध लगाई है। 1993 में बसपा के साथ हुए गठबंधन के बाद यह पहली बार है, जब सपा की ओर इतने बड़े पैमाने पर दलित वोट शिफ्ट हुए है। यहां तक कि 2019 में मायावती के साथ आने के बाद भी दलित वोटों में बिखराव के कयास लगे थे और नतीजे भाजपा के पक्ष में गए थे। लेकिन इस बार आरक्षण संविधान जैसे मसलों को उठाने के साथ ही भागीदारी बढ़कार अखिलेश दलित वोटरों को जोड़ने में सफल रहे। अब पार्टी की सारी कवायद इस साथ को बरकरार रखने की है। इसलिए सड़क से सदन पार्टी उनसे जुड़े मुद्दों को आक्रामक ढंग से उठाने की रणनीति पर काम कर रही है। जमीन पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को भी दलित समाज के नेताओं व समाज में प्रभावी लोगों से समन्वय ठीक रखने को कहा गया है। संगठन से लेकर सदन तक पार्टी के दलित समाज के चेहरे इस बार अधिक मुखर दिखेंगे, जिससे साथी स्थायी बन सके।

खैर, यह तो सच है कि अखिलेश के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फार्मूले ने उत्तर प्रदेश में बड़ा काम किया। 37 सीटें जीतकर सपा प्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। सपा पीडीए की जुटान को सामाजिक एकजुटता का सकारात्मक आंदोलन मान रही है। यही कारण है कि पार्टी पीडीए की एकजुटता व जोश वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव तक कम नहीं होने देना चाहती है। सपा 2027 को लक्ष्य बनाकर पीडीए को और धार देगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण, समता-समानता, सौहार्द की रक्षा जैसे मुद्दों पर भी लगातार भाजपा सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। पीडीए के सहारे इस बार सपा को सर्वाधिक 37 सीटों के साथ ही 33.59 प्रतिशत वोट मिले हैं। इससे पहले वर्ष 2004 में उसे सबसे अधिक 35 सीटें मिली थीं उस समय उसे मात्र 26.74 प्रतिशत ही मत मिले थे। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भी उसे 32 प्रतिशत वोट मिले थे। इस बार सपा ने पीडीए के जरिए जातियों का ऐसा ताना‌बाना बुना जिसकी काट भाजपा भी नहीं कर पाई। वहीं बीजेपी के कुछ सूत्र यह मानने को तैयार नहीं है कि समाजवादी पार्टी को पीडीए के चलते इतनी बढ़ी कामयाबी मिली है।बल्कि इसके उलट बीजेपी के नेता कहते हैं कि अबकी से हम टिकट वितरण सही से नहीं कर पाये,जिसके खामियाजे के रूप में सपा के सिर जीत का सेहरा बंध गया।करीब ढाई दर्जन सांसदों के टिकट काटे जाने थे,सबको पता था कि जनता इनसे नाराज है,लेकिन पार्टी में बगावत या सामाजिक समीकरण खराब नहीं हो जाये जायें,इसलिए सबको टिकट थमा दिया गया,जो बीजेपी के लिये आत्मघाती साबित हुआ।

## आज का राशिफल

मेष राशिःआज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको किसी कार्य के प्रति की गई मेहनत के सकारात्मक परिणाम मिलने वाले हैं इसलिए ज्यादा से ज्यादा फोकस कार्यों पर रहे। किसी शुभचिंतक की मदद आपके लिए उम्मीद की किरण लेकर आएगी। इस राशि के छात्र अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे और कोई नई उपलब्धि भी हासिल करेंगे। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए।

वृष राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। जो लोग मीडिया के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उनके कामों की आज प्रशंसा होगी। किसी खास व्यक्ति का सहयोग आपको मिलेगा। आज किसी मित्र की मदद से आपकी कोई समस्या हल होने वाली है। दिनचर्या को सुधारने का प्रयास काफी हद तक सफल रहेगा। आप सकारात्मक महसूस करेंगे। रचनात्मक कार्यों में भी सुखद समय बीतेगा। आज कार्यस्थल पर कार्य भार बढ़ेगा। आज कहीं रुका हुआ पैसा आने से रिलेक्स फिल होगा।

मिथुन राशिःआज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। आज किसी वजह से आपके स्वभाव में सकारात्मक बदलाव आ सकता है। इस राशि के जो लोग नौकरी कर रहे हैं उनको आज फाइल या पेपर वर्क पूरा करने के लिए ओवर टाइम करना पड़ सकता है। आज जीवनसाथी तथा परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा और आपसी सामंजस्य द्वारा घर की व्यवस्था उचित बनी रहेगी। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगार साबित होगी।

कर्क राशिःआज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज दूसरों की मदद और सहयोग में आपका योगदान बना रहेगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। किसी धार्मिक समारोह में जाने से लोगों के साथ मुलाकात होगी। इस राशि के छात्रों को अपने करियर से संबंधित कोई खुशखबरी मिलने के योग बन रहे हैं। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा। ऑफिस में आपको सहकर्मियों से मदद भी मिलेगी। आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी।

सिंह राशिः आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आज घर के वरिष्ठ सदस्यो का मान-सम्मान बनाए रखेंगे तो सभी के चेहरे पर आपको खुशी देखने को मिलेगी। घर के रखरखाव संबंधी वस्तुओं की खरीददारी करते समय अपने बजट का भी ख्याल रखेंगे तो आपको भविष्य में कोई परेशानी नहीं होगी। आज आप बच्चों के करियर को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। हालांकि समय अनुसार काम बनते जाएंगे। आज परिवार में खुशनुमा और सुखद माहौल रहेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर प्रसन्न होंगे।

कन्या राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रुचि पूर्ण कार्यों में बेहतरीन समय बीतेगा। घर में उचित व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कामयाब होगी। आज आपका आत्मविश्वास नई उम्मीद और आशाओं को फिर से जगायेगा। दूसरों के मामले में ज्यादा हस्तक्षेप करने से बचे। आज दांपत्य जीवन सुखद और प्रेम पूर्ण रहेगा। आज आपके व्यवहार से जीवनसाथी प्रसन्न होंगे। आज शाम तक कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बनेगा।

तुला राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यवसायिक मामलों में कुछ बदलाव आएंगे। जल्दबाजी की बजाय सहज तरीके से समाधान निकालेंगे। आज ऑनलाइन गतिविधियों द्वारा नई-नई व्यवसायिक जानकारियां हासिल करेंगे। इस राशि के नौकरी कर रहे लोगों को खास जिम्मेदारी मिल सकती है। आज व्यवस्थित दिनचर्या और खानपान रखने से स्वास्थ्य संबंधी समस्या से राहत मिलेगी। आप खुद को सकारात्मक महसूस करेंगे। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। आज अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाएंगे।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज दिन की शुरुआत बेहतरीन रहने वाली है। किसी मित्र अथवा सहयोगी द्वारा फोन के माध्यम से कोई महत्वपूर्ण सूचना मिलेगी, जिससे आप प्रसन्नता महसूस करेंगे। पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाने में आपका विशेष योगदान रहेगा। आज लवमेट के रिश्ते में उचित सामंजस्य बना रहेगा। आज आपको आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नये कदम उठायेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। आपकी सकारात्मक सोच आपको लाभ दिलाएगी।

धनु राशिः आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। जल्द ही कुछ नई जिम्मेदारियां आपको मिलेगी, जिनको आप अच्छी तरह से निभाएंगे। आज आपकी कई तरह की गतिविधियो में व्यस्तता रहेगी। आपका कर्म प्रधान होना आपके भाग्य को और अधिक मजबूत कर रहा है। किसी धार्मिक अथवा सामाजिक आयोजन में अपना योगदान देने से आपको खुशी मिलेगी। आपको अपनी मनपसंद कंपनी से इंटरव्यू के लिए बुलावा आयेगा। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है।

मकर राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कुछ नई बातें सीखने को मिलेंगी। अच्छे लोगों से मेल मिलाप एक नई ऊर्जा प्रवाहित करेगा। आज किसी रुके हुये कार्य को पूरा करने का प्लान बनाने में सफल होंगे। इस राशि के स्पोर्ट्स से जुड़े विद्यार्थियों के लिए लाभदायक अवसर के योग बन रहे हैं । आज कार्यस्थल पर गतिविधियों को बहुत ही व्यवस्थित व सुचारू रूप से करने की जरूरत है। आज मेहनत के मुताबिक आपको लाभ मिलता रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं।

कुंभ राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर पर अचानक कोई रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आयेंगे। अन्य गतिविधियों में व्यस्त रहने के साथ-साथ अपने व्यक्तिगत कार्यों पर भी ध्यान दें। प्रॉपर्टी लेने से संबंधित योजना बनायेंगे। आज आपको किसी भी वाद-विवाद से बचने की जरूरत है। किसी से बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए। आज आपके दांपत्य जीवन में नई-नई खुशियां आएंगी।

मीन राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आप भावुकता में कोई भी निर्णय लेने से बचे। धैर्य और संयम बनाकर रखेंगे तो जल्द ही सब ठीक भी होगा। इस राशि के जो लोग अविवाहित है आज उन लोगों के लिए खुशखबरी आने के योग बन रहे हैं। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। ऑफिस में आपको बॉस का सहयोग प्राप्त होगा। लवमेट आज कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे। व्यापार में आज रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा।

व्यंग्य

## एफ.आई.आर.

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

एक व्यंग्यकार दूसरे व्यंग्यकार के खिलाफ थाने में एफ.आई.आर. लिखाने आया। इंस्पेक्टर के पूछने पर उसने बताया - ?साहब, बदमाश व्यंग्यकार नहीं उचक्का है, उचक्का। उसने मुझे कहीं का नहीं छोड़ा। हम दोनों में तय हुआ था कि दोनों बारी-बारी से एक-दूसरे को एक-एक घंटा सुनाएँगे। पहले कौन सुनाए इस पर हमने सिक्का उछाला। पर मेरा दुर्भाग्य कि पहला नंबर उसका आ गया। बदमाश ने एक घंटे में दो घंटे का मैटर सुनाकर फोन काट दिया। कहने लगा कि सिग्नल प्रोब्लम है। अब वह मेरी सुनने को तैयार ही नहीं है। उस दिन से मैं फोन लगा रहा हूँ। वह उठाने के बजाय मेरा कॉल काटता जा रहा है। गुस्सा तो मुझे बहुत आ रहा है। उसने व्यंग्य के नाम पर एक से एक घटिया रचनाएँ सुनाकर मेरे कान से खून निकाल दिया। वह तो मैं हूँ जो हर दिन पौष्टिक भोजन लेता हूँ। कोई और होता तो कलेजा निकल आता। मूर्छित हो जाता। अस्पताल ले जाते-ले जाते वह बंदा मर जाता। मैंने प्रण लिया है कि जब तक अपनी व्यंग्य रचनाएँ उसे सुना नहीं लेता तब तक मैं चैन की सांस नहीं लूँगा। लेकिन करूँ भी तो क्या करूँ, मैं तो लुट गया। मुझे बचाइए। बदमाश को कहीं से भी ढूँढ़कर लाइए। मैं अनशन पर हूँ। जब तक उसे अपने व्यंग्य सुना नहीं लेता तब तक अन्न-जल को हाथ नहीं लगाऊँगा। फोन की गैलरी में रचनाएँ भरकर घूम रहा हूँ। कसम से एक बार मिल जाए तो सारी की सारी रचनाएँ उस पर दाग दूँ। इंस्पेक्टर साहब मैं आपके हाथ जोड़ता हूँ। पैर पड़ता हूँ। कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हूँ। बस एक बार उसे पकड़कर ले आइए। कीमत का नाम सुनते ही इंस्पेक्टर का रिश्वती जमीर जाग गया। उसने कहा ?उठो भैया! धैर्य से काम लो इस संकट की घड़ी में भगवा- का नाम लो। नहीं तो मेरा नाम लो। अभी तो मैं ही तुम्हारा भगवान हूँ। मैं तुम्हारी पीड़ा समझ सकता हूँ। मित्र का छल-कपट अनुभव कर सकता हूँ। मैं उसे हरगिज नहीं छोड़ूँगा। बस हमारी ?कीमत? चुका दीजिए। कीमत का नाम सुनते ही व्यंग्यकार असमंजस में फंस गया। कहा ? यदि मैं कीमत चुकाने की हैसियत रखता, तो व्यंग्यकार हरगिज नहीं बनता। इसलिए मेरी मजबूरी को समझिए। मेरी सहायता कीजिए। इंस्पेक्टर ने कहा, मैं तुमसे रुपया-पैसा नहीं मांग रहा हूँ। बस बदले में मेरी रचनाएँ सुननी है। इतना कहता हुए इंस्पेक्टर ने अपने एक साथी पुलिसकर्मी को बुलाया। वह दौड़े-दौड़े दो डायरी ले आया। यह देख व्यंग्यकार ने कहा, ये दो-दो डायरी क्यों। इस पर इंस्पेक्टर ने कहा कि एक डायरी मेरी है जिसमें वर्ष के 365 दिन की 365 रचनाएँ हैं। ठीक उतनी ही साथी पुलिसकर्मी की हैं। वह पहले पहल अपनी रचनाएँ सुनाकर माहौल बनाएगा। उसके बाद मैं आकर अपनी रचनाएँ सुनाऊँगा। तब तक आपके दुश्मन व्यंग्यकार को ढूँढ़ लाता हूँ। मैं अपने काम के प्रति बड़ा ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ हूँ। आपसे भी यही उम्मीद रखता हूँ। यदि थोड़ी सी भी चालाकी या फिर भागने की कोशिश की, तो तुम्हारा हश्र भी उधर जेल में बंद पड़े व्यंग्यकारों की तरह होगा। इन सभी कैदी व्यंग्यकारों ने मेरी रचनाएँ सुनने से मना कर दिया या बीच में ही सो गए। इसलिए उनका यह हश्र हो रहा है। आशा करता हूँ कि आप मेरी बात समझ गए होंगे। अच्छा तो मैं चलता हूँ और आपके शत्रु को पकड़ लाता हूँ।

आतंकवाद

मनोज कुमार अग्रवाल

# पाकिस्तानी साजिश है हिन्दू तीथर्यात्रियों पर आतंकी हमला!



पीएम नरेन्द्र मोदी की शपथ के ऐन मौके पर दहशतगर्दो ने वैष्णो देवी तीथर्यात्रियों पर हमला कर सीधे चुनौती दी है और जाहिरा तौर पर साफ कर दिया है कि अभी आतंकवाद का जम्मू-कश्मीर से सफाया नहीं किया जा सका है और सरकारी दावों के ठीक उलट आतंकवादी मनमाने समय और टार्गेट का चयन कर आतंकी हमलों को अंजाम देने में सक्षम हैं।ताजा जानकारी के अनुसार इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी दी रेजिस्टेंट फ्रंट टी आर एफ नामक संगठन ने ली है इस संगठन पर पिछले साल प्रतिबंध लगा दिया गया था।

आपको बता दें कि भारत की राजधानी नई दिल्ली में जिस समय राष्ट्रपति भवन में नई सरकार के गठन का भव्य समारोह चल रहा था। पीएम मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ले रहे थे। 72 सांसदों ने मंत्री पद की शपथ लेनी थी। ठीक इसी समय एक सूचना मिली की जम्मू कश्मीर में बड़ा आतंकी हमला हुआ है। इस बार रियासी में आतंकवादियों ने श्रद्धालुओं से भरी बस को अपना शिकार बनाया। ये सभी तीर्थ यात्री मां वैष्णो के भव्य दर्शन करने आए थे। हमले में नौ लोगों की मौत हो गई है, जबकि 41 श्रद्धालु घायल हुए हैं।

**समयबद्ध सुनियोजित हमला**-जम्मू-कश्मीर के रियासी में यात्री बस पर हुए आतंकवादी हमले के पीछे पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा का हाथ है. हमला उस बस पर किया गया, जो शिव खोड़ी से लौट रही थी.शिव खोड़ी मां वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी स्थित है। शिवखोड़ी धाम में प्रतिदिन देशभर से आठ से दस हजार श्रद्धालु आते हैं। माता वैष्णो देवी माता वैष्णो देवी के दर्शन के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु कटरा से शिवखोड़ी का रुख करते हैं। कुछ श्रद्धालु मां वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए पहुंचे थे। अक्सर वैष्णो देवी आने वाले यात्री यहां से 80 किमी दूर शिवखोड़ी धाम के भी दर्शन करने के लिए निकलते हैं। ऐसा ही कुछ बीते दिन भी हुआ। तीथर्यात्रियों ने आपस में मिलकर एक स्थानीय ट्रांसपोर्टर की एक बस बुक की। शिवखोड़ी जाने के लिए ये बस 53 सीटर थी। ये बस शिवखोड़ी से दर्शन करवाने के बाद श्रद्धालुओं को वापस कटरा छोड़ने वाली थी। बस शिवखोड़ी से 4 बजे रवाना होने वाली थी लेकिन कुछ देरी की वजह से बस शाम 5.30 बजे शुरू हुई। बस रांसू, पौनी, नंबल होते हुए रियासी पहुंची और कुछ ही देर में चीख-पुकार मच गई। रियासी से कुछ ही दूरी के बाद आतंकियों ने सबसे पहले बस के ड्राइवर पर फायरिंग की। ड्राइवर को गोली लगने की वजह से बस असंतुलित हो गई। इसके बाद बस खाई में जा गिरी। आतंकियों ने खाई में गिरे श्रद्धालुओं पर अंधाधुंध फायरिंग की। एक घायल ने बताया कि आतंकी ने लाल रंग का मफलर पहना हुआ था।

**पूरी बस के कत्लेआम की थी साजिश** -ऐसी जानकारी है कि आतंकी कुछ दिन से इस जगह पर रैकी भी कर रहे बस में सवार सभी तीथर्यात्री शिव खोड़ी में भोले बाबा के दर्शन के लिए गए थे और वापस कटरा लौट रहे थे। हमले में नौ तीथर्यात्रियों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। इस हमले में मारे गए श्रद्धालुओं में दो मासूम बच्चे भी हैं, जिसमें एक मात्र दो-तीन साल का है।बताया जा रहा है कि आतंकवादी बस के सभी हिन्दू तीथर्यात्रियों को मौत के घाट उतारने की फिराक में थे लेकिन बस चालक को गोली लगने के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई जिस कारण आतंकवादी सभी हिन्दू श्रद्धालुओं का खून बहाने के अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके और 43 श्रद्धालुओं की जान बच गई। इस आतंकी हमले के बाद स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों की मदद की। दहशतगर्दों ने 30 से 40 राउंड फायर किए और एक गोली बस ड्राइवर को लगी, जिसके चलते बस 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। जिस जगह पर हमला हुआ, रियासी क्षेत्र जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी के पास स्थित है। रियासी नाम शहर के पुराने नाम ?रसियाल? से लिया गया है। इसकी स्थापना आठवीं शताब्दी में भीम देव द्वारा की गई थी।



**पाकिस्तानी थे आतंकी**-इस तीथर्यात्रियों से भरी बस पर चार आतंकवादियों ने हमला किया. माना जा रहा है कि ये पाकिस्तानी आतंकवादी थे.उन्होंने राजौरी और रियासी बॉर्डर के बीच के इलाके में बस को निशाना बनाया. पुलिस का मानना है कि आतंकियों ने जिस इलाके में इस घटना को अंजाम दिया है, वहां आतंकी कमांडर अबू हमजा सक्रिय है। ऐसे में कहीं इस हमले के पीछे अबू हमजा का हाथ तो नहीं है इसकी जांच भी जांच हो रही है।

**मृतक उत्तर भारत के निवासी** -बताया गया है कि इस घटना के शिकार हुए तीथर्यात्री उत्तर प्रदेश, दिल्ली और राजस्थान के रहने वाले हैं. सभी घायलों का नारायण अस्पताल और जम्मू के गवनर्मेंट मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है. इस हमले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं. इसकी जिम्मेदारी एनआइए को सौंपी गई है. साथ ही एनआईए की फॉरेंसिक टीम भी मौके के लिए रवाना की गई है. इसके अलावा एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। घटना में घायल हुए श्रद्धालु संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि शिवखोड़ी से दर्शन करके वापस आ रहे थे. अचानक बीच रोड पर एक आतंकवादी आया और फायरिंग शुरू कर दी. दो-तीन फायरिंग ड्राइवर के ऊपर किया, फिर बस के अंदर फायरिंग की. फिर बस नीचे गिर गई. नीचे गिरने के बाद भी काफी देर तक फायरिंग की. उसके बाद कई लोग रोने चिल्लाने लगे. बीच-बीच में बंद करके फायरिंग होती रही। जब फिर हमने सबको शांत कराया कि अभी चुप रहो, हो सकता है अभी और फायरिंग करे फिर भी कुछ देर तक आतंकी खाइ में गिरी बस पर गोलीबारी करते रहे। एक घायल श्रद्धालु ने कहा कि हम लोग दिल्ली से वैष्णो देवी के दर्शन करने आए थे। दर्शन करने के बाद हमारे पास टाइम बचा था, हमने सोचा शिवखोड़ी के दर्शन कर आएं. दर्शन करके जैसे ही हम लोग वहां से निकले ठीक आधे घंटे बाद हमारी गाड़ी पर फायरिंग शुरू हो गई और शीशे टूट गए. कुछ सेकंडों में हमारी गाड़ी खाई में चली गई. खाई में जाने के बाद भी कुछ सेकंड फायरिंग चलती रही। रियासी की एसएसपी मोहिता शर्मा ने बताया है कि चश्मदीद के मुताबिक दो से चार आतंकियों ने बस पर फायरिंग किया है। बड़े पैमाने पर आतंकियों की धरपकड़ के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है. जिन आतंकियों ने इस कायराना हरकत को अंजाम दिया है उनके पाकिस्तानी होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं सामान्य इनपुट के आधार पर शिव खोड़ी और माता वैष्णो देवी की सुरक्षा पहले से ही पुख्ता थी। कोई भी खास इनपुट नहीं था, लेकिन दुर्भाग्य से आतंकियों की तरफ से यात्रियों की बस पर हमला किया गया।

**इंटेलिजंस फेलियर**-रविवार को हुए हमले ने सुरक्षा एजेंसियों के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। यह इसलिए खतरे की घंटी है क्योंकि यह आतंकवादियों द्वारा जम्मू क्षेत्र में राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों से परे अपने अभियान के विस्तार करने की ओर इशारा करता है। रियासी जिले में पहले भी आतंकी हमला हो चुका है। जम्मू क्षेत्र और हिन्दू बहुल आबादी होने के बावजूद रियासी जिले में आतंकवाद फैलाने की कोशिश की जाती रही हैं। सूत्रों के मुताबिक रियासी जिले में आखिरी बार आतंकवादियों ने मई 2022 में हमला किया था। उन्होंने एक बस में स्टिक बम लगाए थे, जिसमें चार वैष्णो देवी तीथर्यात्रियों की मौत हो गई थी और लगभग दो दर्जन घायल हो गए थे।राजौरी, पुंछ और रियासी जिले 1990 के दशक के अंत से 2000 के दशक की शुरुआत तक उग्रवाद का केंद्र रहे थे, लेकिन फिर अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण हो गए। हालांकि 2021 में राजौरी और पुंछ में आतंकवादी गतिविधियों में फिर से वृद्धि हुई। 2021 से राजौरी और पुंछ दोनों जिलों में आतंकवादी हमलों में कुल 38 सैनिक और 11 नागरिक मारे गए हैं। इनमें से अकेले 2023 में लगभग 24 सैनिक और सात नागरिक मारे गए हैं।पूर्व सुरक्षा बलों के अधिकारियों के अनुसार रणनीतिक रूप से ये तीन जिले अपनी भौगोलिक स्थिति, पहाड़ी इलाके और घने जंगलों की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। गौर तलब है कि एलओसी का लगभग 200 किमी हिस्सा राजौरी और पुंछ से होकर गुजरता है। पीर पंजाल रेंज (जो कश्मीर को जम्मू से अलग करती है) तीन जिलों से होकर गुजरती है और एलओसी पार करने वाले आतंकवादियों के लिए घाटी में एक रास्ता है।

**एक्शन में सरकार** -इस हमले के बाद जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं. उन्होंने हमले को लेकर हाई लेवल सुरक्षा मीटिंग बुलाई . इस बैठक में शीर्ष सुरक्षा अधिकारी शामिल रहें।इस मीटिंग में दहशतगर्दों के खिलाफ सख्त कारर्वाई की बात कही गई है। आज जेएंडके के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती घायल श्रद्धालुओं का हाल जाना। सुरक्षा एजेंसियों के द्वारा ड्रोन की मदद से पहाड़ी जंगल क्षेत्र में छिपे आतंकियों की तलाश करने का प्रयास किया गया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। आशंका है कि पाकिस्तान के इशारे पर पूरी बस के हिन्दू तीर्थ यात्रियों को गोली से भूनकर समूचे देश में प्रतिक्रियात्मक साम्प्रदायिक दंगे फैलाने की साजिश बुनी गई वहीं इस के लिए नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के समय को चुना गया ताकि दहशतगर्दों को नए सिरे से हौसला बढ़ाने की कोशिश की जा सके और नई सरकार व देश वासियों के मनोबल को तोड़ने की साजिश की गई।

# नियद नेल्ला नार योजना का कारगर क्रियान्वयन करें:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सुकमा, 11 जून।** प्रदेश के दक्षिण छोर पर स्थित सुकमा जिले में शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाता रहा है इसलिए प्रत्येक योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाना जरूरी है। वर्तमान में नियद नेल्लानार योजना लागू होने के बाद जिले में योजनाओं का लाभ कतार के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास शासन-प्रशासन कर रही है, इस दिशा में सभी विभागों द्वारा हितग्राहीमूलक योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने सकारात्मक पहल किया जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री हरिस.एस ने सोमवार को कलेक्ट्रट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित नियद नेल्लानार योजना क्रियान्वयन समीक्षा बैठक के दौरान दिए।

उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास विभाग, कृषि, महिला एवं बाल विकास, श्रम, कौशल विकास सहित अन्य संबंधित विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में डीएफओ श्री अशोक कुमार पटेल, अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, एसडीएम कोंटा श्री शबाब खान, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत जिले में 09 कैम्पों के समीप स्थित 32 गांवों में विकास कार्यों को सुनिश्चित करने सहित ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए जोर दिया। उन्होंने इस दिशा में 56 चिन्हित योजनाओं एवं सेवाओं के कारगर क्रियान्वयन पर ध्यान केन्द्रित किये जाने की आवश्यकता बताई। कलेक्टर ने नियद नेल्ला नार के तहत संबंधित विभाग गंभीरतापूर्वक काम करने और स्वास्थ्य, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय इत्यादि बुनियादी ढांचागत अधोसंरचना विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही मानसून के पूर्व आवश्यक सामग्री चिन्हांकित ग्रामों में उपलब्ध कराने को कहा।

योजना अंतर्गत सम्बंधित ग्रामों के चिन्हित जरूरतमन्द परिवारों को जन्म प्रमाण पत्र, जनधन योजना, उज्जवला योजना, सभी को राशनकार्ड सहित सभी को खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्रियों की उपलब्धता और वन अधिकार मान्यता पत्र से लाभान्वित किये जाने कहा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता पर ध्यान केन्द्रित करने पर जोर देते हुए कहा कि शासन की आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड प्रदाय सुनिश्चित किया जाये, ताकि इस ईलाके के जरूरतमन्द लोगों को उपचार सम्बन्धी समुचित सहायता मिल सके। वहीं इन क्षेत्रों के सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करने सहित पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत अनिवार्य रूप से लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### कोंटा नगर में पांच दिनों से रोज हो रही है चोरी

**सुकमा 11 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । विगत पांच दिनों से चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। कोंटा नगर के 10 एवम् 11 नंबर वार्ड में विगत पांच दिनों से चोरी होने की खबर से मुहल्ले वासी परेशान अंधेरे की आड़ में चोरी की वारदात बढ़ रही है। गर्मी की छुट्टियां मनाने के लिए गए घरों में ताला तोड़कर चोरी किया जा रहा है। आरटीओ चेक पोस्ट के सामने आरएमपी छह के घर में ताला तोड़कर किया गया है चोरी। पूरे दरवाजे खुले हैं डाक्टर का परिवार आंध्र प्रदेश गया हुआ है। उनके आने से ही पता चलेगा कि क्या क्या सामान चोरी हुआ है। रात के 11 बजे के बाद भी अंधेरे में कुछ नए लोग घूमने की बात कोंटा वासी कह रहे हैं। जहां घर नहीं उस इलाके में लोगो का आना जाना हो रहा है कुत्ते रात भर भौंकने की आवाज आने की बात मोहल्ले वासी कह रहे हैं। कोंटा नगर में लगभग 30 प्रतिशत इलाके के खंभों में लाइट खराब पड़े हैं जिसकी आड़ में ये चोरिया बढ़ रही हैं। पुलिस गस्त की सख्त आवश्यकता है। जिसके माध्यम से रात 11 बजे के बाद नए चेहरों की शिनाख्त हो सकता है।

### शाला प्रबंध समिति की बैठक में लिए कई निर्णय



**सुकमा 11 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिला प्रशासन सुकमा के निर्देशानुसार नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 के पूर्व शालाओं में आवश्यक तैयारी हेतु विकास खण्ड सुकमा अंतर्गत दिनाँक 08.06.2024 को ब्लॉक के समस्त प्राथमिक,माध्यमिक शालाओं में शाला प्रबंधन समिति बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में बच्चों को दर्ज करना, शाला की साफ सफाई रंग रोगन, पौधारोपण, शाला मरम्मत व अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुआ । शालाओं को व्यवस्थित करने विकास खण्ड शिक्षा कार्यालय सुकमा से समस्त शालाओं के लिए पत्र भी जारी किया गया है । सत्र के शुरुआत में बी आर सी व सी ए सी के द्वारा शालाओं का नियमित मॉनिटरिंग व शिक्षकों को मोटिवेशन किया जायेगा ।

### नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर देश में मनाई खुशी

**सुकमा 11 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । आज जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर छिंदगढ मंडल में मंडल अध्यक्ष अमर पोयाम जी के एव भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य श्री हूंगाराम मरकाम जी। के उपस्थिति में उपस्थिती में कार्यकर्ताओं के साथ पटाखा फोड़कर मिठाई लोगों को बांटकर हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के खुशी में खुशिया मनाए गए कार्यकर्ताओं की ओर। से माननीय नरेंद्र मोदीजी को आभार व्यक्त करते है। भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद माननीय नरेंद्र मोदी जिंदाबाद।

### घर से जेवरात चोरी करने वाले पुलिस के हत्थे चढ़े

**डोंगरगढ़ 11 जून।** कालकापारा के भीम नगर में सोने चांदी के जेवरातो पर हाथ साफ करने वाले आरोपीयों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि प्रार्थीया ममता इंदुरकर पति संदीप इंदुरकर उम्र 36 साल निवासी भीमनगर डोंगरगढ़ ने 07 जून 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 01जून से 27 जून के मध्य किसी अज्ञात आरोपी द्वारा सोने चांदी के जेवरात जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार रू0 को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क0- 332/2024 धारा 380 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था कि मुखबीर की सूचना पर संदेही नाबालिक लड़की एवं संदेही से पूछताछ करने जुर्म स्वीकार किये। जिसे पुछताछ करने पर पता चला कि दोनो में यारी दोस्ती होने व घुमने फिरने में खर्च करने पैसो की आवश्यकता होने के कारण सोने चांदी के जेवरात चोरी कर अपने दोस्त को देना जिसमें से कुछ सोने के समान को गिरवी रखना व कुछ समान को बेच देना बताया गया। चोरी में शामिल नाबालिक बालिका एवं आरोपी रौनक सिंह राजपूत पिता निसिथ सिंह राजपूत उम्र 24 साल निवासी डोंगरगढ़ के बताये अनुसार जेवरात की जप्ती बनाकर आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यु0 रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा, सउनि0 एस.एम.कुरैशी, प्र0आर0- अखिल अम्बादे, आरक्षक प्रयंश सिंह, चंद्रप्रताप सिंह, चन्द्रकांत सोनी, मनोज हरमुख, एवं म0 आर0- श्रद्धा बाघमारे, का योगदान रहा है।

# गंगालूर, भैरमगढ़ व कटेकल्याण एरिया कमेटी में सक्रिय तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा 11 जून।** गंगालूर, भैरमगढ़ एवं कटेकल्याण एरिया कमेटी सक्रिय तीन नक्सलियों मनकेली/पेद्दाकोरमा पंचायत जनमिलिशिया सदस्य संजय बारसे पिता स्व. बुधराम बारसे निवासी तिमेनार कारमपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, कुन्ना पंचायत कमेटी सदस्य सुकड़ा मड़कामी पिता स्व. मुक्का मड़कामीर निवासी कुन्ना तराई टिकरापारा थाना कूकानार जिला सुकमा एवं ग्राम फुलगट्टा संघम सदस्या रिना कोरसा पति बुड़ता वेको निवासी फुलगट्टा (हाल पनेड़ा कोलूपारा थाना गीदम) थाना मिरतुर जिला बीजापुर ने डीआरजी कार्यालय दंतेवाड़ा में आत्मसमर्पण कर दिया है। उपरोक्त नक्सलियों को आत्मसमर्पण कराने में आसूचना शाखा आरएफटी रेंज दन्तेवाड़ा, डीआरजी दंतेवाड़ा एवं 230वीं वाहिनी सीआरपीएफ दंतेवाड़ा का विशेष योगदान रहा। जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ सभी भटके हुए माओवादियों से अपील करती है कि हिंसा की धारा छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुडने के लिए निकटतम थाना अथवा कैंप में सम्पर्क करें और क्षेत्र के विकास में अपना अमूल्य योगदान दे। पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत् 25-25 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ प्रदाय कराया जायेगा। विदित हो कि लोन वर्राटू अभियान के तहत् अब तक 180 ईनामी नक्सली सहित कुल 820 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

### डॉक्टरों ने बताए आपात स्थिति में जीवन रक्षा करने के उपाय

**रायपुर. 11 जून।** पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के एनेस्थीसिया एवं पेन मैनेजमेंट विभाग द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट पर विगत पांच जून से आयोजित चार दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन द्वारा संचालित एवं प्रमाणित इन कोर्स के प्रशिक्षण के जरिये कार्डियक अरेस्ट जैसी आपात स्थिति में मरीज की जान बचाने में मदद मिलती है। बेसिक लाइफ सपोर्ट जीवन से जुड़े आपातकाल के शुरुआती चरण में जीवन रक्षा के लिए किया जाने वाला प्राथमिक प्रतिक्रिया है जबकि एडवांस कार्डियक लाईफ सपोर्ट सहायक चिकित्सा देखभाल है जिसका उपयोग चिकित्सा कर्मी एवं डॉक्टर, अस्पताल में मरीज का उपचार जारी रखने के दौरान करते हैं।

### कृषि मंत्री रामविचार नेताम करेंगे राष्ट्रीय आम महोत्सव का शुभारंभ

**रायपुर, 11 जून।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 12, 13 एवं 14 जून को कृषि महाविद्यालय परिसर रायपुर में राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय आम महोत्सव का शुभारंभ श्री रामविचार नेताम मंत्री, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अनुज शर्मा, विधायक, धरसींवा, श्री मोतीलाल साहू, विधायक, रायपुर ग्रामीण एवं डॉ. संजय अलंग, कुलपति महात्मा गांधी उद्यानिकी विश्वविद्यालय, पाटन, दुर्ग उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय आम महोत्सव में आम की 150 से अधिक किस्मों एवं आम से बने 56 व्यंजनों का प्रदर्शन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में आम की विभिन्न किस्मों की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसमें छत्तीसगढ़ एवं देश के विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल होंगे। अवसर पर आम से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रतियोगिता भी आयोजित है। इसके अतिरिक्त आम की सजावट प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है जिसमें विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी, महिलाएं तथा अन्य सामान्यजन भी पंजीयन कर भागीदारी कर सकते है। इस प्रतियोगिता में पंजीयन एवं प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क रहेगा। राष्ट्रीय आम महोत्सव में संस्थागत एवं व्यक्तिगत प्रतियोगी भी सहभागी हो सकते हैं। आयोजन के प्रथम दिवस 12 जून को प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक प्रविष्टियों का पंजीयन किया जाएगा। इसके पश्चात सामान्यजनों के लिए प्रदर्शनी अवलोकनार्थ सायः 9 बजे तक खुली रहेगी।

## समाचार संक्षेप

### सकुशल संपन्न हुई प्रयास विद्यालय की प्राक्चयन परीक्षा



**सुकमा, 11 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । प्रदेश के आदिवासी उप योजना क्षेत्र और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के बालक एवं बालिकाओं के लिए वर्ष 2024-25 के शैक्षणिक सत्र अवधि हेतु प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन (इंट्रेंस) परीक्षा 9 जून रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की गई। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री शरत कुमार शुक्ला ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर, उन्होंने परीक्षा की गाइडलाइंस के अनुसार परीक्षा संचालन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थापक से परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री शुक्ला ने बताया कि इस परीक्षा के लिए जिले से कुल पंजीयन 332, जिसमें 296 उपस्थित और 36 अनुपस्थित थे।

### बाढ़ आपदा राहत के लिए कंट्रोल रूम और नियंत्रणकर्ता अधिकारियों के नंबर जारी

**सुकमा, 11 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । मानसून वर्ष-2024 में अतिवृष्टि एवं बाढ़ तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने एवं राहत व्यवस्था कार्य को दृष्टिगत रखते हुए, कलेक्टर श्री हरिस.एस ने जिले में बाढ़ आपदा राहत कन्ट्रोल रूम की स्थापना किया गया है। जिला एवं तहसील स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर, नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय और तहसील स्तर पर प्रभारी अधिकारी बाढ़ नियंत्रण के स्थानीय नियंत्रण अधिकारी होंगे। जिला स्तरीय हेतु नोडल अधिकारी श्री गजेन्द्र ठाकुर, अपर कलेक्टर को कार्यालय दूरभाष क्रमांक 07864-284012 एवम् दूरभाष क्रमांक 94063-78849, अनुविभाग सुकमा हेतु नोडल अधिकारी श्री लक्ष्मण तिवारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुकमा दूरभाष क्रमांक 9899589668, अनुविभाग कोंटा हेतु नोडल अधिकारी श्री शबाब खान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुकमा कार्यालय दूरभाष क्रमांक 07866-261622, दूरभाष क्रमांक 93406-76224, अनुविभाग छिंदगढ़ हेतु श्री विजय प्रताप खेश कार्यालय दूरभाष क्रमांक 07863-299046, दूरभाष क्रमांक 99778-75252 तहसील सुकमा एवं गादीरास हेतु श्री परमेश्वर लाल मण्डावी दूरभाष क्रमांक 07864-284282 दूरभाष क्रमांक 77728-07710, तहसील कोण्टा हेतु श्री योपेन्द्र कुमार पात्रे नायब तहसीलदार कार्यालय दूरभाष क्रमांक07866-261622 दूरभाष क्रमांक 97708-79003, छिन्दगढ़ हेतु श्री इरसाद अहमद तहसीलदार कार्यालय दूरभाष क्रमांक 07863-299047 दूरभाष क्रमांक 94063-68008 तहसील तोंगपाल हेतु श्री राजेश सोमवंशी नायब दूरभाष क्रमांक 94255-22630, जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष दूरभाष क्रमांक 07864-284012 है। यह कंट्रोल रूम से आपात स्थिति में संपर्क के सकते है।

### नगर में घूमते जिलाबदर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चारामा 11 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के नाकापारा निवासी गुलाब सिन्हा को पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर कोरर चौक से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तत्कानीन कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने गुलाब सिन्हा पिता सुरेश सिन्हा उम्र 26 वर्ष निवासी नाकापारा चारामा को राज्य सूरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5, एवं 6 के अंतर्गत प्रदत्त एवं निहित प्रावधानों का प्रयोग करते हुए दिनांक 05.10.2023 से अगामी एक वर्ष तक के लिए जिला कांकेर एवं सीमावर्ती जिला कोण्डागांव, धमतरी, बालोद, नारायणपुर एवं मानपुर मोहला की सीमाओं से चले जाने जिलाबदर का आदेश पारित किया था। रविवार को जिलाबदर व्यक्ति नगर के कोरर चौक के पास घुमते हुए देखे जाने की सूचना मुखबीर से मिलने के बाद चारामा पुलिस ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर जिलाबदर व्यक्ति को थाना लाकर पुछताछ किया जिसका गोलमोल जवाब मिलने पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अगले दिन सोमवार को उसे माननीय जे.एम.एफसी. न्यायालय कांकेर के समक्ष पेश किया।

### रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

**रायपुर. 11 जून।** डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं जन कल्याण समिति, गंडई के सहयोग से जरूरतमंद मरीजों के लिए विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर श्रीचंद कॉम्प्लेक्स, दुर्ग रोड, गंडई में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में 74 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। जन कल्याण समिति, गंडई की तरफ से कैंप का कार्यभार श्री चेतन पटेल और मॉडल ब्लड (बैंक) की तरफ से इंचार्ज डॉ. विजय कापसे की निगरानी में संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. खालिदा, डॉ. रश्मि, डॉ. रविशंकर, गिरीश, लोमेश, वर्षा चौधरी, शोभाराम साहू, हेमा कश्यप, राकेश बंजारे, राकेश शर्मा, पैरामेडिकल स्टाफ से मुकेश, सती और भावना शामिल थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लड़ बैंक खोलने विधायक को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा 11 जून।** विकासखंड मुख्यालय में संचालित रानी दूर्गावती सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लड़ बैंक खोलने के लिए युवा शक्ति समाज सेवा संस्था एवं रेडक्रास सोसाइटी चारामा ने विधायक को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि रानी दूर्गावती सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लड़ स्टोरेज की व्यवस्था है जिसे ब्लड़ बैंक के रूप में परिवर्तित करने की आवश्यकता हैं। उल्लेखनीय है कि विकासखंड के लगभग 60 से अधिक एवं सीमावर्ती धमतरी तथा बालोद जिलो के मरीज का इस स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार में लिए आते हैं। जिसके कारण मरीजो को आवश्यकता के अनुसार ब्लड़ की पूर्ति किया जा सके। वर्तमान में रानी दूर्गावती सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लड़ बैंक नही होने के कारण मरीजों एवं उसके परिजनों को कांकेर अथवा धमतरी के जिला अस्पताल पर निर्भर होना पडता है जिससे उनका किमती समय एवं पैसा भी बर्बाद होता हैं। यदि रानी दूर्गावती सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लड़ बैंक की स्थापना होती है तब मरीजो को जरूरत के आधार पर शीघ्र ही ब्लड़ की व्यवस्था हो पायेगी और उनका बेहतर इलाज हो सकेगा। युवा शक्ति समाज सेवा संस्था एवं रेडक्रास सोसाइटी की मांग पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी ने गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ब्लड़ बैंक खोलने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर युवा शक्ति समाज सेवा संस्था एवं रेडक्रास सोसाइटी की टीम एवं बडी संख्या में रक्तदाता उपस्थित रहे।



# कमिश्नर कार्यालय परिवार ने सेवानिवृत्त वाहन चालक वीरेन्द्र ठाकुर को दी विदाई

**जगदलपुर 11 जून।** शासकीय सेवा में आने के पश्चात आपसी तालमेल के साथ अपने कर्तव्यों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सेवामुक्त होना बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह बात कमिश्नर बस्तर संभाग श्री श्याम धावड़े ने सोमवार को कमिश्नर कार्यालय परिवार द्वारा आयोजित सेवानिवृत्त वाहन चालक श्री वीरेन्द्र सिंह ठाकुर की विदाई समारोह के दौरान उन्हें स्वस्थ एवं खुशहाल पारिवारिक जीवन व्यतीत करने की शुभकामनाएं देते हुए कहा। कमिश्नर ने कहा कि शासन-प्रशासन में सभी अधिकारी-कर्मचारी एक-दूसरे के पूरक हैं जो आपसी समन्वय के साथ दायित्वों का निर्वहन करते हैं। उन्होंने कमिश्नर कार्यालय में कार्यालयीन कामकाज के सम्पादन में बेहतर समन्वय को अनुकरणीय निरूपित किया। वहीं सेवानिवृत्त वाहन चालक श्री वीरेन्द्र ठाकुर के अनुशासित ढंग से समय का पाबंद होकर कर्तव्य निर्वहन को प्रेरणास्पद बताया। इस अवसर पर कमिश्नर ने सेवानिवृत्त वाहन चालक श्री वीरेन्द्र ठाकुर को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री बीएस सिदार और श्रीमती माधुरी सोम ने सेवानिवृत्त वाहन चालक श्री वीरेंद्र ठाकुर के सहज-सरल स्वभाव की प्रशंसा करते हुए उन्हें सुखद जीवन की शुभकामनाएं दी। वहीं वरिष्ठ निज सहायक श्री हरेन्द्र जोशी ने करीब 29 वर्ष से श्री वीरेन्द्र ठाकुर के साथ काम करने का दीर्घकालिक अनुभव को स्मरणीय निरूपित करते हुए उनके मृदुभाषी व्यवहार की तारीफ की और उन्हें स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन व्यतीत करने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कमिश्नर कार्यालय परिवार के अन्य सदस्यों ने भी सेवानिवृत्त वाहन चालक श्री वीरेन्द्र ठाकुर के साथ कार्यानुभव को साझा करते हुए उनकी स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस मौके पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त वाहन चालक श्री वीरेन्द्र ठाकुर को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया, वहीं उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस दौरान अवगत कराया गया कि सेवानिवृत्त वाहन चालक श्री वीरेन्द्र ठाकुर को पेंशन प्राधिकार पत्र प्रदाय सहित सभी स्वत्वों का भुगतान कर दिया गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल सहित कमिश्नर कार्यालय परिवार के सभी सदस्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# पर्यावरण को लेकर भामसं का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मिला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 जून।** जिले में बढ़ते प्रदूषण एवं इसके रोकथाम के उपाय करने को लेकर भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधि मंडल पिछले दिनों जिलाधीश संजय अग्रवाल से मिलकर अपने सुझाव दिये व इस हेतु सहयोग करने की भी बात कहीं।

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिलाधीश को प्रस्तुत ज्ञापन में कहा गया कि पर्यावरण प्रदूषण की समस्या जिले या देश में ही नहीं पूरे विश्व में एक गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रदूषण के कारण नागरिकों को कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है, वर्तमान में पेड़ों की कटाई काफी बड़ गई है, पर इसकी तुलना में वृक्षारोपण कम हो रहा है, जिस वजह से तापमान पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बढ़ गई है। सही प्रकार से जल संरक्षण न हो पाने के कारण भू-जल का स्तर नीचे जाने लगा है इससे कई स्थानों पर पानी की समस्या बढ़ने लगी है। भारतीय मजदूर संघ ज्ञापन के माध्यम से यह मांग करता है कि जिले में होने वाली सभी प्रकार के प्रदूषणों पर विशेष ध्यान देते हुये इसके रोकथाम के तत्काल उपाय किये जायें। वायु प्रदूषण पर विशेष ध्यान दिया जाये एवं इसे कम करने हेतु उचित उपाय किया जाये, नदीं व नालों के पानी को प्रदूषित होने से बचाने के लिये आवश्यक उपाय किये जाये। अनावश्यक पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जाये व वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाये। सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाये। जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुये वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से वर्षा के जल को भू-जल में रिचार्ज करने की नियमानुसार व्यवस्था की जाये। शहर से निकलने वाले कचरों के प्रबंधन की उचित व्यवस्था की जाये तथा ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कड़ी कार्यवाही की जाये तथा ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की गई।

प्रतिनिधि मंडल में भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा, सुदर्शनदास मानिकपुरी, नरेश कुमार साहू, गोपाल साहू, अल्का बारसागढ़े, भारती शर्मा, धनेश्वरी साहू सहित अनेक लोग शामिल थे।

### ओपीडी पर्ची बनाने के लिए कतार में लगने की आवश्यकता नहीं

**उत्तर बस्तर कांकेर, 11 जून।** कोमलदेव चिकित्सालय तथा मातृ एवं शिशु रोग चिकित्सालय अलबेलापारा में अब मरीजों को ओ.पी.डी. पर्ची बनाने के लिए लंबी कतार में लगने की आवश्यकता नहीं है। मरीजों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन का आभा मोबाईल ऐप उपलब्ध कराया गया है, जिसे प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। उक्त चिकित्सालयों में मरीज एवं उनके परिजन ओ.पी.डी. काऊंटर के पास लगे क्यू.आर.कोड को स्कैन कर और अस्पताल के साथ अपनी प्रोफाइल साझा कर भी ओ.पी.डी. पर्ची अतिशीघ्र बनवा सकते हैं।

### मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का दसवां चरण प्रारंभ

**उत्तर बस्तर कांकेर, 11 जून।** मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का दशम चरण आज से प्रारंभ हो गया है, जो 05 जुलाई 2024 तक चलेगा। इस अभियान के तहत् जिले के 120 ग्रामों में कुल 58 हजार 800 जनसंख्या में स्वास्थ्य कर्मी द्वारा घर-घर जाकर सभी व्यक्तियों का खून जांच किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे की उपस्थिति में आज विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हाटकर्रा के उप स्वास्थ्य केन्द्र बांसकुण्ड में अभियान का शुभारम्भ किया गया।

## एक नजर

### बैठक में मातृ-मृत्यु की समीक्षा कर दिए गए अफसरों को निर्देश



**रायगढ़, 11 जून।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी के अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत राष्ट्रीय कार्यक्रम व मातृ-मृत्यु के संबंध में समस्त सेक्टर चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला नोडल अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल, आरएमएनसीएच सलाहकार डॉ.राजेश मिश्रा, विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी शामिल हुए। बैठक में मृत गर्भवती महिलाओं की किन कारणों व किस कमी की वजह से इनकी मृत्यु हुई इनके बारें में गहनता से बिंदुवार समीक्षा की गई। हाई रिस्क गर्भवती माताओं की लाइन लिस्टिंग कर प्रसव होने तथा पश्चात तक फालोअप करने के लिये विशेष रूप से कहा गया साथ ही गर्भवती महिलाओं का एनीमिक होना व एनीमिक पाये जाने पर उनका सही ढ़ंग से फालोअप लेना जैसे-आयरन व कैल्शियम की दवा का फालोअप करना, सही ढ़ंग से प्रत्येक एएनसी जांच पर उनका हीमोग्लोबिन, बी.पी, यूरिन शूगर, यूरिन एल्बुमिन की जांच का सही रिपोर्टिंग करना, सही वजन लेना, जिस महिला का हाई रिस्क हो तो उनका समय-समय पर ध्यान देना, उनके प्रसव से संबंधित पुराने रिकार्ड की समीक्षा करते हुए उनकी जांच पर विशेष ध्यान देने तथा मितानिन एएनएम, द्वारा गृह भेंट, घर में जाकर उनके स्वास्थ्य के बारें में विस्तृत जानकारी लेने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास के साथ संयुक्त रूप से बैठक संपादित की गई। जिसमें गंभीर कुपोषित बच्चों को शिशु विशेषज्ञ की सहायता से बच्चों का चिंहाकन कर एनआरसी सेंटर में रेफर करने के निर्देश दिए गए एवं आयुष्मान कार्ड सभी के लिये बनाने हेतु कहा गया। साथ ही डेंगू टीकाकरण के विषय पर भी चर्चा की गई।

### गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर सिक्खों ने बांटा शरबत



**पत्थलगांव, 11 जून।** सिक्खो के पांचवे गुरू अर्जन देव के शहीदी दिवस पर सिक्ख समाज ने आज बस स्टैन्ड मे राहगीर मुसाफिर एवं दिनदुखियों के लिए मीठा शरबत के साथ चने का प्रसाद वितरण किया। यह प्रसाद गर्मी एवं लू के प्रकोप से बचाने मे बेहद लाभदायक साबित होता है। यह परंपरा सिक्ख समाज द्वारा पांच दशक से निरंतर निभायी जा रही है। यहा के बस स्टैन्ड मे सुसज्जित मंच बनाकर गुरू अर्जन देव के शहीदी दिवस की याद मे मीठा शरबत एवं चने का प्रसाद वितरण किया गया। इससे पहले गुरूद्वारा मे अखंड पाठ की समाप्ति हुयी थी,जिसमे सिक्ख समाज के सभी वर्ग से लोग शामिल हुये थे। गुरूसिंग सभा के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह भाटिया(कुक्कु) ने बताया कि सिक्ख समाज द्वारा आज गुरू अर्जन देव का शहीदी दिवस मनाया गया। उन्होने बताया कि दिन शनिवार को गुरूद्वारा मे अखंड पाठ की शुरूवात हुयी थी,आज कीर्तन दरबार सजाकर पाठ की समाप्ति की गयी। उन्होने बताया कि गुरूग्रंथ साहेब के रचिता गुरू अर्जन देव हिंदुओ की रक्षा मे अपने प्राण न्यौछावर कर दिये थे। वे धार्मिक सहिष्णुता और मानव मिसाल की एक पहचान थे। गुरू अर्जन देव का शहीदी दिवस उनकी शिक्षा बलिदान एवं अद्वितीय सहनशीलता की याद दिलाता है। वर्ष 2024 मे शहीदी दिवस का विशेष महत्व का है,400 साल बलिदान के पूरे होने पर यह दिन उनकी याद के लिए समर्पित है। इंदरजीत सिंह भाटिया ने बताया कि गुरू अर्जन देव सर्व धर्म समभाव के प्रखर परोपकारी होने के साथ-साथ मानव आर्दशो को कायम रखने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था,उन्हे मुगलो द्वारा गर्म चीजो से प्रताडित कर यातनाये दी थी,जिसके कारण उनकी शहीदी हुयी थी। यही कारण है कि गर्मी के दिनो मे उनके शहीदी दिवस की याद मे मीठा शरबत के साथ चने का वितरण किया जाता है,यहा के बस स्टैन्ड मे आयोजन को सफल करने मे सिक्ख समाज के कुलविंदर भाटिया,गुरूशरण सिंह भाटिया,गोल्डी भाटिया,परमजीत भाटिया,रौनक भाटिया,सिद्धु भाटिया,सिम्हर भाटिया,हरगुन भाटिया,सरगुन भाटिया के अलावा समाज के अन्य लोग उपस्थित रहें।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़, 11 जून।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (शहरी) अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र गौशालापारा वार्ड क्रमांक 14 में आंगनबाड़ी सहायिका पद रिक्त होने से उक्त पद पूर्ति हेतु 11 से 25 जून 2024 तक इच्छुक आवेदिकाओं से आवेदन पत्र मंगाये गये है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश व नियम शर्तो की जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### भीम सिंह ने किया भटगांव और कुरूद के हंचलपुर का औचक निरीक्षण

**धमतरी 11 जून ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य विकास अभिकरण श्री भीम सिंह ने आज धमतरी के भटगांव और कुरूद के हंचलपुर में रीपा से किये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने भटगांव में रीपा अंतर्गत संचालित गतिविधियों का निरीक्षण कर स्व सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की। उन्होंने लेमनग्रास का उत्पादन, उससे तैयार किये जा रहे सामग्री की बिक्री इत्यादि के प्रगति के बारे में पूछा। बताया गया कि समूह के द्वारा 13 एकड़ क्षेत्र में लेमनग्रास उत्पादित किया गया है। साथ ही मशीन के माध्यम से लेमनग्रास प्रोसेसिंग किया जा रहा है। वर्तमान में इस वर्ष समूह को लेमनग्रास से लगभग एक लाख रूपये की आमदनी हुई है। इसके बाद श्री सिंह ने आचार प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया। महिलाओं के द्वारा आचार तैयार कर स्कूल शिक्षा विभाग एवं छात्रावासों में आचार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उन्हें आमदनी हो रही है।

# शिक्षक प्रशिक्षण से होगा बच्चों का सर्वांगीण विकास:सुभाष शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजिम, 11 जून।** एस सी आर टी ई छत्तीसगढ़ ,डाइट रायपुर के निर्देशन में पूरे राज्य में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला एफ एल एन टीम के मार्गदर्शन में विकासखण्ड फिंगेश्वर के अंतर्गत जोन क्रमांक दो राजिम में भी चार दिवसीय एफ एल एन प्रशिक्षण का शुभारंभ विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक विकास शर्मा के करकमलों से मां शारदे का पूजन कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति जित्तू राम खुटे सहायक शिक्षक एवं प्रेरणा गीत दिनेश्वरी साहू प्रधान पाठक बरभाठा ने दी। बीआरसी सुभाष शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि समग्र शिक्षा अंतर्गत प्रत्येक प्राथमिक शालाओं से कक्षा पहिली से तीसरी तक पढ़ाने वाले शिक्षकों का जोन स्तरीय चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।पूरे विकासखण्ड को तीन जोन में बांटा गया है जिसमे फिंगेश्वर,राजिम और कौंदकेरा शामिल है।प्रथम चरण का प्रशिक्षण दस जून से तेरह जून तक आयोजित होगा। जोन राजिम में बासीन संकुल, बरोंडा,राजिम एवं राजिम 1 के लगभग 52 शिक्षक प्रशिक्षण का लाभ ले रहे है।आगे कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण से बच्चो में कौशलो का विकास होगा।मास्टर ट्रेनर के रूप में अनिल सिन्हा संकुल समन्वयक कोपरा ने शिक्षको से चर्चा करते हुए बताया कि भाषा शिक्षण के चार ब्लाक माडल है जिसके अंतर्गत मौखिक भाषा विकास,शब्द पहचान,पढ़ना एवं लिखना है।साथ हीं नकुलनाथ योगी एवं चुम्मन सिन्हा बहुत ही रोचक ढंग से प्रशिक्षण दे रहे हैं। संतोष कुमार साहू समन्वयक बकली ने कहा कि हर प्रशिक्षण से शिक्षक कुछ न कुछ सीखते है उसे बच्चो तक जरूर पहुंचाए।एफ एल एन कोर ग्रुप मेंबर एवं राज्य स्तरीय प्रशिक्षक सुश्री पुष्पा शुक्ला मैडम ने कहा एफ एल एन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए राज्य द्वारा निर्मित एवं प्रदत्त सामग्रियों जैसे शिक्षक संदर्शिका ,अभ्यास पुस्तिकाएं,जादुई पिटारा, ई जादुई पिटारा,एवं खेल सामग्रियों से बच्चो में साक्षरता कौशलो एवं गणितीय अवधारणाओं को समझने में प्राप्त सामग्रियों का बेहतर प्रयोग कर एफ एल एन को पूरा करे।साथ ही समस्त शिक्षकगण उत्साह पूर्वक भाग ले रहे हैं।प्रशिक्षण के सफल आयोजन के लिए रामायण साहू समन्वयक परसदा जोशी, डिहू राम रावत समन्वयक बासीन,परमानंद वर्मा समन्वयक बरोंडा, धर्मेन्द्र सिंग ठाकुर समन्वयक राजिम,अनिल कुमार मेघवानी समन्वयक बेलटुकरी एवं संतोष कुमार साहू समन्वयक बकली का विशेष योगदान रहा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे शपथ ग्रहण का भाजपाइयों ने मनाया जश्न



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 11 जून।** देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी पारी के शपथ ग्रहण समारोह से पूर्व यहा के इंदिरा चौक मे भाजपाईयों ने जमकर फ्टाखे फोडे। देर शाम इंदिरा चौक मे कई घंटो तक भाजपा कार्यकर्ता फ्टाखे फोडते हुये बस स्टैन्ड मे बडी स्क्रीन मे समस्त नगरवासियों के साथ समारोह का मजा लिए। भाजपा के शहर मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एन.डी.ए गठबंधन की जीत के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश की बागडोर संभालने जा रहे है। उनका कहना था कि मजबुत हाथो से सशक्त राजनीति के जरिये देश का विकास एक बार पुनः स्वर्ण पटल पर अंकित होगा। उनका कहना था कि एन.डी.ए को मिला जनादेश मोदी के दस सालो के नेतृत्व का खुला समर्थन है। जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल का कहना था कि जनता ने मोदी सरकार द्वारा किये गये पिछले 10 सालों मे जनकल्याणकारी, महिला सशक्तीकरण और विकास की योजनाओं को जारी रखने ये जनादेश दिया है। विकसित भारत के निर्माण का संकल्प दोहराते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व मे यह रुकने का और ना ही थमने का समय है। मंडल प्रभारी हरजीत भाटिया ने कहा कि छ.ग. मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे मिली ऐतिहासिक जीत पर समस्त कार्यकर्ता बेहद उत्साहित है। तीसरी बार देश चलाने का नेतृत्व करना हर कार्यकर्ता के लिए गौरव की बात है। दिन रविवार की देर शाम इंदिरा चौक के करीब भाजपाई कई घंटे तक नरेंद्र मोदी जिंदाबाद ,विष्णु देव साय जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। इस दौरान भाजपा के पार्षद अजय बंसल,संजय लोहिया,मधुसुदन गोयल,प्रवीण गर्ग,रूपसिंह राठिया,अंकित बंसल,अवधेश गुप्ता,निपुन अग्रवाल,अंशु गोयल,मौसम अग्रवाल,सुनील गर्ग,घनश्याम बेहरा,दामोदर शर्मा,कमलेश यादव,संदीप अग्रवाल,जितेन्द्र अग्रवाल,नरेश यादव,रेवा धीवर, कुंदन शर्मा,भवानी शर्मा, धीरज शर्मा के अलावा दर्जनो भाजपा कार्यकर्ता मौजुद थे।

### जुलाई से ऑनलाइन होगा कोषालय एवं उप कोषालयों में देयकों का प्रस्तुतीकरण

**रायगढ़, 11 जून।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, रायगढ़ ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को सूचित किया है कि आगामी माह जुलाई 2024 से कोषालय एवं उप कोषालयों में देयकों का प्रस्तुतीकरण सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से किया जाएगा। इस प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन हेतु सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (सेल्फ डीडीओ को छोड़कर) के पास नेटवर्क की सही स्पीड, देयकों के साथ अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज की स्केनिंग करने हेतु समुचित क्षमता वाला स्केनर तथा अन्य आवश्यक इलेक्ट्रानिक सामग्री उपलब्ध हो। साथ ही साथ वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी)भी आवश्यक होगा। कोषालय एवं उप कोषालयों में देयक प्रस्तुत करने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी। आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा ई-कोष सॉफ्टवेयर में ई-पेरोल तथा ई-बिल मॉड्यूल में ऑनलाईन माध्यम से देयक तैयार किए जायेंगे ।

# मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए प्रबल प्रताप



**पत्थलगांव, 11 जून।** देश के प्रधानमंत्री के रूप मे नरेन्द्र मोदी का तीसरी बार चुने जाने के बाद राष्ट्रपति भवन मे आयोजित शपथ ग्रहण समारोह मे घर वापसी के प्रमुख एवं भाजपा के प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव भी शामिल हुये। उन्हे दिल्ली पी.एम.ओ कार्यालय से खत भेजकर शपथ ग्रहण समारोह मे शामिल होने का न्यौता दिया गया था,जिसके बाद प्रबल प्रताप सिंह जूदेव जशपुर राजविहार पैलेस से शनिवार को ही रवाना होगये थे,जाने से पूर्व उनके सैकडो समर्थको ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए बधायी संदेश भी दिया था,जशपुर से उनके साथ उनके समर्थक भी दिल्ली रवाना हुये थे,इस मौके पर उन्होने मीडिया से चर्चा करते हुये बताया कि पी.एम.ओ कार्यालय से शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण मिलने के बाद वे दिल्ली रवाना हुये। उनका कहना था कि शपथ ग्रहण समारोह मे जशपुर जिले की पहचान के रूप मे वे अपनी उपस्थिति दर्ज कराये।

# सभी लोगों का बनायें आयुष्मान कार्ड प्रगति की होगी नियमित समीक्षा:सीईओ

**रायगढ़, 11 जून।** सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने आज जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के सभाकक्ष में सभी सचिव ग्राम पंचायत, सभी तकनीकी सहायक नरेगा, स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाईजर, बीपीएम, बीएमओ, समस्त एडीओ, पीओ नरेगा की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की प्रगति एवं आयुष्मान कार्ड के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने सर्वप्रथम आयुष्मान कार्ड के प्रगति की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाईजरों द्वारा किए गए कार्य की जानकारी ली। आयुष्मान कार्ड के धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी सुपरवाईजरों को लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने दुर्गम क्षेत्रों में मोबाईल के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने तथा जिनके आधार अपडेट के कारण आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे है ऐसे आधार कार्ड को अपडेट कराकर आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आधार कार्ड के प्रगति हेतु राशन वितरण दिवस पर ग्रामवासियों से आयुष्मान कार्ड बनवाने के संबंध में जागरूक करते हुए उन्हें जानकारी देने को कहा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के कम प्रगति वाले ग्राम पंचायतों का वीसी के माध्यम से नियमित समीक्षा की जाएगी। सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के संबंध में समीक्षा करते हुए अपूर्ण सभी आवासों को बारिश से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# 7 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील मुख्यालय कुटरू में कांग्रेस ने किया धरना-प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददात



**बीजापुर, 11 जून।** सोमवार को ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने तहसील मुख्यालय कुटर में कुटरू क्षेत्र के ग्रामीणों संग क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर विशाल धरना-प्रदर्शन किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर बीजापुर को ज्ञापन सौंपा है। मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपे गये ज्ञापन में मुख्यरूप से 7 मांगे शामिल है जिसमें मांग की गई है कि तेंदुपत्ता क्षेत्र के आदिवासी ग्रामीणों का मुख्य आय का स्त्रोत है। वर्तमान में तेंदूपत्ता तोडाई का काम पूरा हो चुका है पर वर्तमान में तेंदूपत्ता का भुगतान नगद ना होकर बैंक खाते के माध्यम से होने जा रहा है क्षेत्र में बैंक नही है तथा बैंक की दूरी भी बहुत अधिक होने के कारण लोगों को बहुत परेशानी होगी। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए तेंदूपत्ता का नगद भुगतान किया जाए। कुटरू निवासी सोमा चिडियम जो कि वर्षो से ग्राम कुटरू में निवासरत् है उसके जमीन को अतिक्रमण बताकर षड़यंत्र पूर्वक तहसीलदार/पटवारी के द्वारा तोडा गया है जो कि अनुचित है। सोमा चिडियम को उसकी जमीन वापिस की जाये। गांव-गांव से निर्दोष ग्रामीणों को पकडकर पुलिस के द्वारा बेवजह मारपीट कर, उन्हे जेल भेजा जा रहा है। जिसे तत्काल बंद किया जाए।निर्दोष आदिवासी ग्रामीणों को फर्जी मुठभेड में मारना बंद किया जाए। थाना प्रभारी कुटरू राजीव श्रीवास्तव तथा थाना प्रभारी फरसेगढ़ आकाश मसीह के द्वारा आये दिन ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज, मारपीठ कर ग्रामीणों को जेल भेजना एवं जेल भेजने की धमकी दिया जा रहा है। साथ ही क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों के साथ एवं ग्राम प्रमुखों के साथ में अभद्र व्यवहार किया जाता है जिसे तत्काल बंद किया जाये एवं दोनों थाना प्रभारियों को हटाया जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुटरू में पिछले 4 महीने से डॉक्टर नही है, वहां पर तत्काल डॉक्टर पदस्थ किया जाए। तहसीलदार कुटरू विरेन्द्र श्रीवास्तव के द्वारा अंबेली पंचायत के आश्रित गांव आकलंका के लगभग 80 ग्रामीणों से वन अधिकार पट्टा दिलाने के नाम पर प्रति व्यक्ति से रू-1200 (एक हजार दो सौ रूपये) कुल राशि- 96000.00 (छ्यानव्वे हजार रूपये) लिया गया है। ग्रामीणों को उनकी राशि वापस कर तहसीलदार पर कार्यवाही की जाए एवं सभी ग्रामीणों को वन अधिकार पट्टा दिया जाए।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि ÷जिले के आदिवासियों को सुरक्षा देने और आदिवासियों के हितों की रक्षा करने में प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह फेल है चाहे वो मुतवेंडी में छः माह की बच्ची को गोली लगने से हुई मौत हो या फिर पीढ़िया की घटना हर तरफ़ आदिवासी वर्ग ही प्रताड़ित है आज आदिवासी समुदाय अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है आदिवासियों पर अत्याचार बड़े है। इस दौरान ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, ज़िला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी, ज़िला पंचायत सदस्य सोमारु राम कश्यप, ज़िला पंचायत सदस्य संतकुमारी मंडावी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैरमगढ़ के अध्यक्ष लच्छु राम मौर्य, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुटरू के अध्यक्ष शैलेश मंडावी, राजू पल्लो, बलराम कोरसा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण धरना प्रदर्शन में शामिल हुए है।

### पीईटी एवं पीपीएचटी के अंतर्गत 13 जून को प्रवेश परीक्षा

**रायगढ़, 11 जून।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 13 जून 2024 को पीईटी(पीईटी 24), बीई/बी टेक, बी टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग), बी टेक (फूड टेक), बी टेक (डायरी टेक्नालॉजी), डिप्लोमा इन डायरी टेक्नालॉजी (डीडीटी)एवं पीपीएचटी (पीपीएचटी 24)-(बी फार्मेसी, डी.फार्मेसी)प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# स्थानीय आदिवासी युवा प्रथम पीढ़ी के उद्यमी बनकर जिले की विकास में देंगे सहभागिता



**बीजापुर, 11 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन के अभिनव पहल से जिले के स्थानीय आदिवासी युवा अब नौकरी तलाशने के बजाय नौकरी देने वाले उद्यमी बनने की ओर अग्रसर हैं। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के विशेष पहल से पहली बार स्थानीय आदिवासी युवाओं को सफल उद्यमी बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 10 दिवसीय उक्त प्रशिक्षण में 06 दिवस आरसेटी बीजापुर एवं 04 दिवसीय प्रशिक्षण नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर माइक्रो स्मॉल एण्ड मिडियम इन्टर प्राइजेस हैदराबाद में सम्पन्न होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार के अवसर की पहचान करना, व्यवसाय की योजना बनाना और उसके प्रबंध करना है, जिससे जिले के आदिवासी युवाओं को स्वरोजगार के अवसर सृजन होंगे। बीजापुर जिला विकास की ओर अग्रसर है स्थानीय युवाओं की सहभागिता से विकास में तेजी आएगी -कलेक्टरकलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर उद्यमिता के बारे में प्रशिक्षुओं को विस्तृत जानकारी दी, एक सफल उद्यमी कैसे बने इस संबंध में मार्गदर्शन दिया। बीजापुर जिला विषम परिस्थितियों के बावजूद अपार संभावनाओं से भरा हुआ है। एक सफल उद्यमी बनकर नौकरी तलाशने के बजाय दूसरों को नौकरी देने के लिए कैसे सक्षम हो सकते हैं इस विषय पर विस्तार से चर्चा किया।जिले के छोटे-बड़े विभिन्न विकास कार्यों सड़क, भवन सहित अन्य अद्योसंरचना शासकीय कार्यों एवं कार्यालयों में सामग्री आपूर्ति हेतु अगर जिले के स्थानीय युवा सक्षम हो जाते हैं तो यहां की विकास की गति तीव्र होगी स्थानीय युवाओं में उद्यम कौशल का विकास होगा स्वरोजगार के क्षेत्र में युवा और भी सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत हो सकेंगे। विभिन्न निर्माण कार्यों में पेटी कांट्रेक्टर वाला अनुचित व्यवस्था बदलेगी और रोजगार के व्यापक अवसर का सृजन होगा।उल्लेखनीय है कि शासकीय कार्यो में कुछ सफल निविदाकर्ता कार्यादेश प्राप्त कर अवैध और अनुचित तरीके से पेटी कांट्रेक्टर से कार्य करवाते हैं जिससे कार्य में गुणवत्ता की कमी होने के साथ ही समय-सीमा में निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाता।कलेक्टर ने इस दौरान विभिन्न तकनीकी विषयों पर भी चर्चा किया और जीएसटी, एमआरपी, आईएसआई मार्क, फर्म एवं सोसायटी में पंजीयन, लाइसेंस, आयकर रिटर्न जैसे विषयों के बारे में प्रशिक्षुओं को सरल भाषा में समझाया और प्रशिक्षुओं से संवाद स्थापित कर उनके सवालों का जवाब दिया कि किस तरह से भविष्य में कार्य कर सकते हैं। अभी शुरूआती चरण में केवल आदिवासी युवा जिनकी उम्र 18 से 35 वर्ष की है उन्हे लिया गया है फिर बाद में अन्य वर्गों के युवाओं के लिए भी प्रशिक्षण आयोजित करने की बात कही।आरसेटी संस्था के निदेशक श्री गुप्तेश्वर राव ने जिला प्रशासन के इस अभिनव पहल के लिए कलेक्टर श्री पाण्डेय को शुभकामनाएं देते हुए प्रशिक्षुओं को सभी प्रकार की आवश्यकता सहयोग करने का आश्वासन दिया जिससे प्रशिक्षु युवा एक सफल उद्यमी बन सके। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री नारायण प्रसाद गवेल, उप संचालक पंचायत श्री गीत कुमार सिन्हा, सहायक संचालक कौशल विकास श्री गौरव पाण्डेय, सर्व आदिवासी समाज के सचिव श्री कमलेश पैकरा सहित अधिकारी-कर्मचारी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने की पीएम आवास,मनरेगा सहित एसबीएम के कार्यों की समीक्षा

**बीजापुर, 11 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आहुत की गई। जिन ग्राम पंचायतों में ग्रामीण विकास की योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, एसबीएम का क्रियान्वयन में अपेक्षाकृत प्रगति नहीं आ रहे हैं, उन ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों को बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत अ‘छे कार्य किये जा रहे हैं। शासन की योजनाओं लाभ जरूरत मंदो तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने में सभी सहभागी बने। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने सर्वप्रथम विभागीय योजनाओं में रा’य से मिले लक्ष्य के विरूद्ध जिले की प्रगति से अवगत कराया। नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत चिन्हांकित ग्रामों में पीएम आवास की स्वीकृति, पेयजल हेतु बोर खनन एवं योजनाओं का लाभ को वंचित एवं जरूरतमंद परिवार तक पहुंचाने के लिए दस्तावेज, आधार कार्ड, बैंक खाता बनाने निर्देशित किया। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 1029 अपूर्ण आवासों को ×0 जून तक पूर्ण करने निर्देशित किया गया। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता लाने हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के ईई एवं एसडीओ को मकान की ढलाई में सेंटरिंग प्लेट का उपयोग करने निर्देश दिए। जनपद सीईओ को कार्ययोजना बनाकर आवासों को जल्द पूर्ण कराने को कहा। जिन हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण में लापरवाही की जा रही है उनके प्रकरण तैयार करने को कहा गया। महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत जून माह तक 9 लाख 6× हजार मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें आपेक्षित की प्रगति नहीं आने पर नाराजगी जताते हुए अधिक से अधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मनरेगा के अमले को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा योजना में कार्य आपेक्षित कार्य नहीं होने से पंचायत की अन्य विकास कार्यों में भी फर्क पडता है इसलिए प्रगति लाए। सरपंच एवं सचिवों को मनरेगा अंतर्गत निर्माण कार्यों में नागरिक सूचना पटल अनिवार्य रूप से बनवाने को निर्देशित किया। कार्यस्थल पर निरीक्षण के दौरान बोर्ड नहीं पाये जाने पर कार्यवाही की जाने की बात कलेक्टर द्वारा की गई।स्व‘छ भारत मिशन अंतर्गत सोक पीठ ,सामुदायिक शौचालय और सेग्रीगेशन शेड की समीक्षा करते हुए अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस समीक्षा बैठक में जनपद सीईओ, आरईएस के ई ई एवं एसडीओ के अलावा जिला एवं जनपद स्तर पर योजनाओं का संचालन करने वाले अधिकारी तकनीकी अमले , निर्माण कार्य के लिए बनाए गए पंचायत नोडल , तकनीकी सहायक सहित 50 ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव उपस्थित रहे।



# इलेक्ट्रिशियन एवं मोटर साइकिल रिपेयरिंग के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 11 जून ।** जिला परियोजना लाईवलीहूड कॉलेज सोसायटी बीजापुर में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत जिले के युवाओं को असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन (बिजली मिस्त्री) एवं ऑटोमोटिव सर्विस टेक्निशियन टू एंड थ्री व्हीलर (मोटरसायकल रिपेयरिंग) में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाना है। उक्त प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के लिए इ‘छुक अभ्यर्थी 12 जून 2024 को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज बीजापुर (एजुकेशन सिटी, ज्ञानगुड़ी) में उपस्थित होकर योजना का लाभ ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 6260010268, 9×99629552 में संपर्क कर व्हाट्सएप के माध्यम से पंजीयन करवा सकते हैं। प्रशिक्षण के साथ-साथ कम्प्यूटर एवं व्यक्तित्व निर्माण की निःशुल्क सामान्य कक्षा भी प्रदाय की जाएगी। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार/स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। उक्त कोर्स में आवेदन करने हेतु कम से कम 8वीं कक्षा उर्त्तीण एवं 18 से 45 वर्ष तक आयु होना अनिवार्य है।

# जूडो खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 11 जून।** जिला जुडो संघ बलौदाबाजार के नेतृत्व मे सब जूनियर, कैडेट, जूनियर, सीनियर का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। जिसमे 50 खिलाड़ीयों ने अलग अलग जगहों से भाग लिया। और अपने खेलो का बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। विजेता खिलाड़ी आगामी होने वाले राज्य स्तरीय जुडो प्रतियोगिता 15 से 17 जून तक भिलाई मे शामिल होने जा रहे है। विजेता खिलाड़ीयों को बधाई देते हुए। मार्शल आर्ट स्पोर्ट्र्स अकादमी के संयोजक पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, जिला जूडो संघ के संरक्षक अश्वनी शर्मा, जिला हपकीड़ो संघ के संरक्षक कैलाश बालानी, जिला हपकीड़ो संघ के अध्यक्ष रंजीत दवानी, जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. विकास आडील, परमानन्द सचदेव, मुरली धर राव, आर. के. फूटान, जिला जुडो संघ के उपाध्यक्ष पीताम्बर साहू, जिला जुडो संघ की सचिव पी. किरन, जिला जुडो संघ के सहसचिव अभय केशरवानी, जिला जुडो संघ के सदस्य राहुल शर्मा, जिला जुडो संघ बलौदाबाजार के कोच यशवंत ध्रुव, मैनेजर नेहा वर्मा, आड़ेंशी क्लब के संरक्षक विवेक ठाकुर, आड़ेंशी क्लब के कोच दीपक कन्नौजे, किशोर साहू, सीनियर खिलाड़ि युवराज साहू, कुमेश साहू, बलराम यादव, ने बधाई शुभकामनायें दी। उपरोक्त जानकारी जिला जुडो संघ बलौदाबाजार के कोच यशवंत ध्रुव ने दी है।



## समाचार संक्षेप

### 40 से अधिक छात्रों की संख्या होने पर सीबीएसई स्कूलों में शुरु करने होंगे अतिरिक्त सेक्शन

**कोरबा, 11 जून जून।** सीबीएसई से संबद्धता लेने वाले स्कूल प्रत्येक कक्षा में 40 से अधिक बच्चों को एडमिशन नहीं दे सकते। 40 से अधिक बच्चे होने पर सेक्शन बढ़ाने के लिए अनुमति लेनी है। सीबीएसई ने दो साल पहले तीन सत्रों के लिए अपवाद के तौर पर तबादले या अन्य विशेष परिस्थितियों में 45 बच्चों को प्रवेश देने की छूट दी थी, लेकिन इसके लिए बकायदा पोर्टल पर आवेदन कर अनुमति लेनी थी। कई निजी स्कूलों में अधिक संख्या में बच्चों को बिठाया जाता है। बता दें कि समग्र शिक्षा ने देश में शिक्षा नर्सरी- केजी के स्तर पर 20-1, प्राइमरी स्तर पर 30-1 और मिडिल स्कूल के स्तर पर 30-1 का छात्र-शिक्षक अनुपात निर्धारित किया है। वहीं हर स्तर पर वर्ष 2025 तक 20-1 के अनुपात का लक्ष्य तय किया गया है। स्टूडेंट्स को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) स्कूलों से संबद्धता देता है। सीबीएसई ने संबद्धता देने के लिए मापदंड तय किए हैं, इसमें समय-समय पर जारी किए जाने वाले गाइडलाइन की जानकारी सभी स्कूलों को दी जाती है। सीबीएसई ने स्पष्ट कहा है कि संबद्धता लेने और उसे नियमित करने के लिए सभी नियमों और शर्तों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। सीबीएसई ने प्रत्येक कक्षा में छात्रों की संख्या को लेकर सख्त नियम तय किए हैं। सीबीएसई के संबद्धता नियम 2018 के नियम 4.8 के अनुसार स्कूल प्रत्येक कक्षा में सिर्फ40 बच्चों को ही प्रवेश दे सकते हैं। इस नियम के अनुसार प्रत्येक छात्र के लिए फर्श पर एक वर्गमीटर जगह होनी जरूरी है। इसे लेकर सीबीएसई ने कई बार सर्कुलर भी जारी किए हैं, लेकिन अधिकांश स्कूल इस नियम की अनदेखी करते हैं। स्कूल संबद्धता के लिए निर्धारित नियम और शर्त पूरी करने और बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने की स्थिति में 40 से अधिक बच्चों के प्रवेश की जरूरत पर सेक्शन बढ़ाने आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए 30 जून तक सीबीएसई के सरस पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है।

### बिजली उत्पादन कंपनी के सैंकड़ों आवासों को जमीदोज करने की तैयारी में जुटा विभाग

**कोरबा, 11 जून जून।** बिजली उत्पादन कंपनी ने दुर्घटना की आशंका को ध्यान में रख अपनी कोरबा पूर्व कॉलोनी के सैंकड़ों आवासों को ध्वस्त करना तय किया है। ये आवास 6 दशक पुराने बताये जा रहे है। इनमे कम्पनी के कर्मी से लेकर अवैध कब्जाधारी रह रहे है। तोडफोड़ की कार्यवाही से पहले कम्पनी ने नोटिस जारी कर दिया है। एक पखवाड़े के भीतर इस दिशा में काम होगा। कोरबा पूर्व क्षेत्र में बिजली उत्पादन कम्पनी ने उन सभी आवासों को जमीदोज करने की तैयारी कर ली है है जिनकी दशा बेहद नाजुक है। ये आवास तब बने थे, जब तत्कालीन मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 100 मेगावाट और उसके बाद सोवियत रूस के सहयोग से 240 मेगावाट क्षमता वाली बिजली परियोजना का निर्माण किया गया। बिजलीघर के अधिकारियों व कर्मचारियों की सुविधा के लिये यह कॉलोनी विकसित की गई। कालांतर में इस कालोनी में अवैध कब्जा की बाढ़ आ गई। नीतिगत रूप से कम्पनी ने सिर्फ अपने कर्मचारियों के आवासों की सुध ली। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। समय के साथ आवासों की स्थिति जर्जर हो गई। अनेक मौकों पर इनके छज्जे गिरने से लेकर दीवार और छत का हिस्सा दरकने के मामले प्रकाश में आये। ऐसे आवासों की संख्या 400 तक हो गई है। बिजलीघर प्रबंधन ने 1 वर्ष पहले आवासों को जमीदोज करने की घोषणा कर सम्बंधित को नोटिस दिया था। अब इस मामले में कार्रवाई की जानी है। एक बार फिर लोगों को नोटिस दिया गया है ताकि वे अपनी व्यवस्था करे। पूछताछ करने पर एक कर्मचारी ने कहा कि निश्चित रूप से हम अपनी व्यवस्था जरूर करेंगे जबकि अवैध रूप से काबिज लोग नोटिस नही मिलने की बात कह रहे है। लेकिन दोनों को मालूम है कि इस इलाके में रहना अब काफी असुरक्षित है।

## एक नजर

### कृष्णा का आईआईटी में उत्कृष्ट प्रदर्शन

तिल्दा नेवरा, 11 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कृष्णा अग्रवाल पिता मुकेश अग्रवाल, माता अंजना अग्रवाल ने राष्ट्रीय स्तर की आईआईटी परीक्षा में आल इंडिया रैंक 3608 हासिल की है। स्कूली शिक्षा दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई से की है। भविष्य में प्रशासनिक सेवा में जाना चाहते है। वे स्थानीय सर्राफ़ व्यापारी अग्रवाल आभूषण के संचालक संतोष अग्रवाल एवम मनोज अग्रवाल के भतीजे है। कृष्णा अग्रवाल ने केवल परिवार बल्कि तिल्दा नेवरा शहर का नाम रोशन किया।कृष्णा अग्रवालकी सफलता के लिए परिवारजनों सहित व्यापारियों और मित्रों, शुभ चिंतकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है और उज्जवल भविष्य की कामनाये की है।



### महिला मंडल ने मेधावी छात्रा प्रतिभा को दी आर्थिक सहायता



**कोरबा, 11 जून।** हरदीबाजार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा के कु. प्रतिभा पटेल पिता श्रवण पटेल ने कक्षा दसवीं सत्र 23 -24 में 94प्रतिशत प्राप्त की है विद्यालय में सर्वोच्च स्थान रहा है जिनका पारिवारिक आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और छात्रा आगे और पढ़ाई करना चाहती है जिसको विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए श्रद्धा महिला मंडल ने रवींद्र भवन वसंत विहार एस ई सी एल बिलासपुर द्वारा उनके प्रतिभा को निखारने हेतु व आगे बढ़ाने हेतु प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से मेधा सम्मान 2024 के तहत 10000 मोमेंटो प्रशस्ति पत्र एवं पर्यावरण संतुलन हेतु एक पौधा के साथ सम्मानित किया गया जो कि छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु अत्यधिक उत्साहवर्धन रहा।

### गुरु अर्जन देव के बलिदान दिवस पर गुरुद्वारों में पाठ, जुटे अनुयायी

**कोरबा, 11 जून।** सिख धर्म के पांचवें गुरु अर्जन देव को आज उनके बलिदान दिवस पर कोरबा नगर और उपनगरीय क्षेत्रों में श्रद्धा के साथ याद किया गया। गुरुद्वारों में गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ हुआ। बड़ी संख्या में सिख धर्म के अनुयायी यहां जुटे। सिख समाज के द्वारा सिख कैलेंडर के तीसरे महीने जेठ के 24वें दिन गुरु अर्जन देव का बलिदान दिवस मनाने की परंपरा है जिसका निर्वहन आज सोमवार को किया गया। गुरुनानक देव द्वारा प्रारंभ किये गए पंथ में गुरु अर्जन देव का पांचवां स्थान था। 1604 में हरमंदर साहिब स्वर्ण मंदिर अमृतसर के निर्माण की पहल के लिए उन्हें विशेष तौर पर जाना जाता है। गुरु अर्जन देव सिख धर्म के पहले शहीद थे। उन्होंने अपने संक्षिप्त जीवनकाल में कई विशेष कार्य किये और उसके माध्यम से बड़ी लकीर खींची। जिसके लिए वे अविस्मरणीय बने हुए हैं। उनके बलिदान दिवस पर कोरबा के ट्रांसपोर्ट नगर, इतवारी बाजार के साथ-साथ बालकोनगर, कुसमुंडा, बांकीमोंगरा, दीपका, पाली और कटघोरा के गुरुद्वारों में परंपरागत कार्यक्रम किये गए।

## भीड़ के संयुक्त जिला कार्यालय में खड़े वाहनों में तोड़फोड़ व आगजनी के बाद कलेक्टर ने किया आदेश जारी

# बलौदाबाजार शहर में धारा-144 लागू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 11 जून।** 10 जून को सतनामी समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय आंदोलन (कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक कार्यालय घेराव) के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में खड़ी वाहनों को तोड़-फोड़ करने, आग लगाने एवं संयुक्त जिला कार्यालय भवन को आग के हवाले करने के कारण संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों सहित जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के निवासियों में भय का वातावरण उत्पन्न हो गया है। आज की घटना को देखते हुए जिले के असामाजिक तत्वों के द्वारा भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित कर जिले में शांति व्यवस्था की स्थिति में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं। उपरोक्त कारणों के आधार पर नगरपालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु तत्काल कार्यवाही करना आवश्यक है, ताकि जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के रहवासी भयमुक्त वातावरण में निर्भय होकर निवास कर सके। अतः उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा के.एल. चौहान ने दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अंतर्गत धारा 144 (1) एवं (2) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगरपालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में आगामी आदेश तक रैली या जुलूस पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।अन्य जिले अथवा बाहरी व्यक्तियों का 5 या उससे अधिक व्यक्तियों के समूह का नगरपालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति न तो किसी प्रकार का शस्त्र तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छुरा, कुल्हाड़ी, गुप्ती, त्रिशुल, खुकरी, सांग एवं बल्लम अथवा अन्य अस्त्र-शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं निकलेगा। अपवाद- जो व्यक्ति शासकीय कर्तव्य पर है, ड्यूटी के दौरान अस्त्र-शस्त्र धारण कर सकेंगे। ऐसे वृद्ध/दिव्यांग जो लाठी के बिना चलने में असमर्थ है, वे लाठी का प्रयोग कर सकेंगे। चूंकि यह संकटकालीन तथा आपातकालीन स्थिति एकाएक उत्पन्न हुई है और किसी पक्ष या व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देना संभव नहीं है। यह आदेश सर्व साधारण को संबोधित है एवं प्रत्येक जनसाधारण पर तामिल किया जाना संभव नहीं है। अतः यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अंतर्गत धारा 144 (2) के अंतर्गत समयाभाव के कारण सार्वजनिक हित को दृष्टिगत रखते हुए, एकतरफा कार्यवाही कर पारित किया जाता है। उक्त आदेश 10 जून को रात्रि 9.00 बजे से 16 जून को मध्यरात्रि 12.00 बजे तक नगरपालिका सीमा क्षेत्र बलौदाबाजार में प्रभावशील होगा।

## गृहमंत्री व खाद्यमंत्री ने लिया जायजा

**बलौदाबाजार, 11 जून।** प्रदर्शनकारियों के द्वारा सोमवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित संयुक्त जिला कार्यालय में की गई तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना का जायजा लेने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा रात्रि करीब 1:30 बजे बलौदाबाजार कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनके साथ खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल एव राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा भी थे। उन्होंने कलेक्टर एव एसपी से घटना की विस्तृत जानकारी ली। साथ उन्होंने पूरे परिसर में हुई आगजनी, जिला पंचायत, कुटुंब न्यायालय एवं जनपद पंचायत कार्यालय सहित शहर का भी मुआयना कर नुकसानों का जायजा लिया।

श्री शर्मा ने घटना पर गहरा दु:ख प्रकट किया। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। उन्होने आगे कहा भारी संख्या में वाहनों को क्षति पहुंचा गया है। जिनमे से कुछ अपने कार्य के लिए पहुँचे गरीब लोगों एवं अधिकारी कर्मचारी के होंगे साथ ही शासकीय सम्पति को नुक़सान पहुँचाया गया है, रिकॉर्ड रूम में न जाने कितनी दस्तावेज जल चुकी है, बिल्डिंग को जला दिया गया है जो की बड़ी मुश्किल से तैयार होती है। उन्होंने कहा कि सरकारी सम्पति को तबाह करने वाले की समाज के नहीं होते। पूरे प्रदेश में परम पूज्य बाबा गुरुघासीदास को माना जाता है वे श्वेत ध्वजवाहक हैं तथा शांति के प्रतीक हैं। विगत माह अमर गुफा में जैतखांभ को क्षति पहुँचायी गई थी इस पर पुलिस की जाँच से असंतुष्ट होकर समाज के लोगों ने जाँच की माँग की थी। सभी प्रकार की चर्चा के पश्चात न्यायिक जाँच की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश पर की गई थी।इस पर समाज के लोगो ने संतुष्टि ज़ाहिर करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए कार्यक्रम रखा था इसी दौरान असामाजिक तत्वों ने भीड़ में घुसकर घटना को अंजाम दिया है। जिसकी जाँच की जा रही है, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान आई जी अमरेश मिश्रा, संजीव शुक्ला, कलेक्टर के एल चौहान, एसपी सदानंद कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि गण सहित गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।



## चलती कार में आग, चालक ने उतरकर बचाई जान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोरबा, 11 जून।** गर्मी में भले ही नौतपा की विदाई हो गई है लेकिन अभी भी तापमान 42 डिग्री से नीचे नहीं खिसक सका है। पर्यावरणीय कारणों से कई प्रकार की समस्याएं पैदा हो रही है और जहां-तहां आग लगने के सामने आ रहे हैं। कोरबा से लौटने के दौरान एक कार में अचानक आग लग गई। सतर्कता दिखाने पर चालक की जान बच सकी। जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर यह घटना पिछली शाम हुई। यहां एक चलती कर में आग लग गई। समय रहते ही कार चालक ने नीचे उतर कर अपनी जान बचा ली। हमारे संवाददाता ने बताया कि घटना नीचे भदरा जैतखाम स्थल के पास की है। स्थानीय लोगों की मदद से आपको बुझाने का प्रयास किया गया। जिला जांजगीर जाने वाले मुख्या मार्ग के ग्राम भदरा में जैतखाम स्थल के पास जांजगीर की ओर से जा रही वेगन आर कार मे अचानक आग लग गई। आग लगने के आभास होते ही कार चालक जल्दी से नीचे उतर गया। कुछ ही देर में आग की लपटों ने कार को अपने आगोश में ले लिया। पता चला कि कार ग्राम मेहंदी निवासी व्यक्ति की है। संबंधित ग्रामीण किसी काम से कोरबा आया था। कामकाज निपटाने के बाद उसने मेहंदी की तरफ प्रस्थान किया। रात्रि 8 बजे के आसपास वह भदरा गांव पंहुचा था कि कार से धुंआ निकलने लगा। पुलिस को इस बारे में अवगत कराया गया है। आगजनी के आधार पर इसकी जांच होगी। ऐसे मामलों में वाहनों का बीमा होने पर संबंधित कंपनी धारक को क्लेम देने के लिए प्रतिबद्ध होती है।

## गुरु अरजन देव के शहादत दिवस पर सिख समाज ने किया शरबत वितरण




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 11 जून।** सिक्ख धर्म के 5 वे गुरु गुरु अरजन देव जी की शहादत को शहादत दिवस के रूप मे मनाया गया शांति के पुंज, गुरु अरजन देव जी का संगत को एक और बड़ा संदेश था कि परमेश्वर की रजा में राजी रहना। जब आपको जहांगीर के आदेश पर आग के समान तप रही तवी पर बिठा दिया, उस समय भी आप परमेश्वर का शुक्राना कर रहे थे। आज पूरे विश्वभर में सिक्ख ठंडा शरबत छबील लगाकर पिलाते है। सरदार बलवंत सिंह सलूजा ने बताया कि आज गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा भाटापारा कि तरफ़से बस स्टैंड के पास गगनदीप होटल के सामने छबील का विवरण किया गया। समाज के सभी वरिष्ठ सदस्यों ने हिस्सा लिया एवं लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। अमरजीत सलूजा ने यह भी बताया कि भाटापारा के समाज ने छबील की सेवा में हिस्सा लिया उनमें उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम में समाज के भाग सिंह सलूजा, बलवंत सिंह सलूजा, बबलू चावला, सुशील सेठी, हरीश सेठी, राजा गुंबर, अमरजीत स्मार्ट, गुरमीत गुम्बर, विजय आनंद, संजय गुम्बर, हरप्रीत सलूजा, बेअंत सिंह खालसा, गगनजीत आनंद, जॉन्टी गुंबर, मीत् छाबड़ा, अनिल राजू छाबड़ा, सन्नी छाबड़ा, सिर्जन गुंबर, रौनक गुंबर, उमंग चावला, मंजीत सिंह सप्पल, , सरनजीत सिंह खालसा, उमंग चावला, अमन चावला, अमन राणा, रंजीत सिंह छाबड़ा, सरनप्रीत खालसा, राजा चावला, जोगिन्दर सलूजा, प्रिंसी गुंबर, रीत सलूजा, गुरुद्वारा के ज्ञानी जी एवं समाज के प्रमुख लोग उपस्थित थे।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़**
**तहसील डोंगरगढ़ जिला- राजनांदगांव**

रा.प्र.क्रमांक- 202403092100103
अ/6 (अ) वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विशाल गिरि भिवगड़े पिता स्व. प्रभूदास भिवगड़े निवासी उत्कर्ष नगर, मिसियाबाड़ा, वार्ड नम्बर 07 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के शामिल शरीफ सम्पत्ति ग्राम डोंगरगढ़ प.ह.न. 25 रा.नि.म. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ में परिवर्तित भूमि ख.न. 650 रकबा 0.0080हे. भूमि स्थित है। आवेदक के उक्त भूमि के ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में लिपिकीय त्रुटिवश पिता का नाम प्रभूदास के स्थान पर प्ररभदास दर्ज हो गया है जबकि सही नाम प्रभूदास है। ग्राम डोंगरगढ़ डोंगरगढ़ प.ह.न. 25 रा.नि.म. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ में परिवर्तित भूमि ख.न. 650 रकबा 0.0080हे. भूमि के राजस्व अभिलेख में सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12.06.2024 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह आज दिनांक 20.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर से अभिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़



**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 2024061525000

**उद्घोषणा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कु. रजिया बेगम पिता स्व. युसुफ बेग निवासी इंदिर गांधी वार्ड क्र. 10 जगदलपुर, तहसील जगदलपुर के द्वारा अपने पिता/पति/पुत्र/पुत्री माता स्व. हमीदा बेगम पति स्व. युसुफ बेग की मृत्यु दिनांक 26/11/1997 को होने से मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय की पेशी तिथि 18/6/2024 के पूर्व न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार की प्रस्तुत आपत्तियों पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा आज दिनांक 4/6/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार
जगदलपुर


## लंबे समय से हाथी समस्या से जूझ रहे वनमंडल कोरबा में मुश्किलें जस की तस

# दंपती पर हाथी ने किया हमला: पत्नी की मौत, पति ने भागकर बचाई जान

**कोरबा, 11 जून।** लंबे समय से हाथी समस्या से जूझ रहे वनमंडल कोरबा में मुश्किलें जस की तस हैं। आज सुबह हाथी की हमले में एक ग्रामीण महिला की मौत हो गई। वह अपने पति के साथ धान बीज लेने गिरारी जा रही थी। आपात परिस्थितियों में पति ने भागकर अपनी जान बचाई। हाथी के हमले में हुए घटनाक्रम की खबर मिलने पर वन विभाग की टीम कुछ घंटे बाद मौके पर पहुंची। करतला पुलिस को इस बारे में अवगत कराया गया है। उक्तानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। आज सुबह लगभग 05 बजे के आसपास यह घटना वनमंडल कोरबा के अंतर्गत हुई। अधिकारिक जानकारी में बताया गया कि 50 वर्षीय आदिवासी महिला यादोबाई कंवर का हाथी सामना हुआ और आखिरकार उसके प्राण पखेरू उड़ गए। बासिन ग्राम पंचायत क्षेत्र की निवासी मृतका अपने पति वृक्षराम कंवर 55 वर्ष के साथ धान बीज लेने के लिए बासिन से गिरारी गांव जाने निकले थे। उन्हें नहीं पता था कि संबंधित रास्ते में हाथी मौजूद हैं और उनकी हरकतें जारी है। बताया गया कि देर रात ही एलोंग गांव से एक दंतैल हाथी कलमीटिकरा पहुंचा था। वनकर्मी भी इस बारे में अनभिज्ञ थे और इसलिए उनकी ओर से सुरक्षात्मक प्रयास नहीं किये जा सके। इधर हाथियों की पहुंचने के कुछ घंटे बाद ही सुबह जब आदिवासी दंपत्ति कृषि कार्य के संबंध में गिरारी के तरफ जा रही थी तभी वनमंडल के श्यांग परिसर के पास एक जगह दंतैल हाथी ने अटैक कर दिया। विशालकाय हाथी को अपने काफी करीब पाकर महिला को न तो भागने का मौका मिला और न ही सोचने का। अगले ही क्षण हाथी ने महिला को पटककर जान ले ली। पता चला कि इस दौरान पति वृक्षराम ने साहस जरूर दिखाया लेकिन अपनी जान बचाने के लिए उसने जंगल के रास्ते में दौड़ लगा दी। मामले के बारे में उसने वन विभाग के स्थानीय कर्मियों को जानकारी दी। कुछ देर बाद अमले के साथ पहुंचे वन अधिकारियों ने मौके का जायजा लिया तो संबंधित क्षेत्र में महिला को मृत पाया गया। कोरबा से विभाग के उच्च अधिकारियों की पहुंच घटना स्थल पर हुई है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था के साथ मृतका का शव पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।





कोरबा जिले के दोनों वनमंडलों में हाथ उत्पात का मसला लगभग डेढ़ दशक से बना हुआ है और इनमें लगातार जन-धन की हानि हो रही है। हाथियों को नियंत्रित करने के लिए इन वर्षों में कई प्रकार की कोशिश की गई और भारी-भरकम धनराशि भी खर्च की गई। असम की जान-मानी हाथी ट्रेनर पार्वती बरुआ के अलावा केरल के कुमकी हाथी भी यहां लाए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त पावर फेंसिंग के साथ-साथ जशपुर क्षेत्र की अत्यंत तेज असर वाली मिर्च के पौधों का रोपण भी सीमाई क्षेत्र में हाथियों को रोकने के लिए किया गया लेकिन नतीजे सिफर रहे। बासिन क्षेत्र में दंतैल हाथी के हमले में एक आदिवासी महिला की मौत हुई है। हाथी की उपस्थिति को लेकर क्षेत्र के लोगो को अलर्ट किया जा रहा है। मौजूदा मामले में पीड़ित परिवार को शुरुआती राशि दे दी गई है। ऐसे प्रकरण में 6 लाख रुपए की सहायता दिया जाना प्रावधानित है। प्रक्रिया पूरी करने के साथ अंतर की राशि जल्द उपलब्ध कराई जाएगी।


**कार्यालय-कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. सेतु निर्माण संभाग, जगदलपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

क्रमांक 1221/NIT-1/2024-2025/व.ले.लि. — जगदलपुर, दिनांक 08/06/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 18/06/2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 25/06/2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 26/06/2024 पूर्वान्ह 11:30 बजे तक

| क्र. | एन.आई.टी. क्र. निविदा | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | T0002 | सेतु निर्माण उपसंभाग दंतेवाड़ा के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में शामिल नये सेतुओं का बोरिंग कार्य। (विधानसभा क्षेत्र- कोंटा एवं बीजापुर) | 40.40<br>30300/-<br>606000/- |
| 2 | T0003 | सेतु निर्माण उपसंभाग जगदलपुर के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में शामिल नये सेतुओं का बोरिंग कार्य। (विधानसभा क्षेत्र- जगदलपुर) | 45.06<br>33795/-<br>675900/- |
| 3 | T0004 | सेतु निर्माण उपसंभाग जगदलपुर एवं दंतेवाड़ा के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में शामिल नये सेतुओं का बोरिंग कार्य। (विधानसभा क्षेत्र- चित्रकोट, नारायणपुर, बस्तर एवं दंतेवाड़ा) | 48.13<br>36098/-<br>721950/- |

(1) निविदा प्रपत्र की राशि 1500/-
(2) कार्य के लिए निविदाकारों की श्रेणी-एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत 'द' से 'अ' तक
(3) कार्य पूर्णता की अवधि 03 माह (वर्षा ऋतु सहित)
(4) विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur esa Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। यह निविदा प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा स्वीकृति दर अनुसूची पर संपादित किया जाना है। इस हेतु Diamond Drill Double Tube type मशीन का स्वामित्व होना आवश्यक है।

निविदा संबंधी अन्य जानकारी संभागीय कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. सेतु निर्माण संभाग
जगदलपुर

जी-242500165/5

## एक नजर

### सोनू सूद चैरिटी फाउंडेशन करेगा छत्तीसगढ़ के ज़रूरतमंदो की मदद




**रायपुर 11 जून।** छत्तीसगढ़ में जरूरतमंदों की मदद करने के लिए अब सोनू सूद चैरिटी फाउंडेशन बनाया गया है. वृन्दावन हॉल में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में इस फाउंडेशन के पदाधिकारियों की मीटिंग आयोजित की गई. कार्यक्रम में सोनू सूद चैरिटी फाउंडेशन के देश भर से पहुंचे सभी पदाधिकारी शामिल हुए. इसमें रायपुर के उन 20 लोगों ने भी हिस्सा लिया जिन्होंने ने हाल ही में सोनू सूद चैरिटी फाउंडेशन जॉइन किया है. सोनू सूद चैरिटी फाउंडेशन की भविष्य की योजनाओं के बारे में विचार साझा करते हुए छत्तीसगढ़ प्रभारी रूपल विजय पांडे ने बताया कि वे कोविड काल से सोनू सूद फाउंडेशन से जुड़ी हैं और इस संस्था के जरिए उन्होंने छत्तीसगढ़ समेत देश भर के कई जरुरतमंद लोगों की मदद की है. लेकिन अभी तक संस्था ने छत्तीसगढ़ में आधिकारिक रूप से इसकी शुरूआत नहीं की थी. विशेष रूप से शामिल होने पहुंची सुमिता साल्वे ने सोनू सूद चैरिटी फाउंडेशन के अब तक के सफर के बारे में विस्तार से बताया।

### सूने मकान से नकदी सहित लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर, 11 जून।** न्यू राजेन्द्र नगर स्थित आशादीप अस्पताल के पास स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 27200 रुपए सहित लाखों रुपए के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बृजेश चौधरी 41 वर्ष आशादीप अस्पताल के पास न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने परिवार के साथ कहीं बाहर गया था, तभी अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 27200 रुपए सहित 5 लाख के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 11 जून।** श्रद्धाविहार कालोनी टिकरापारा में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उमाशंकर राव 27 वर्ष रावतपुरा कालोनी फेस 2 टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी श्रद्धा विहार कालोनी के तरफ गया था, तभी आरोपी आसुतोष ने पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294,506,323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 7 गिरफ्तार

**रायपुर, 11 जून ।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने मोवा तालाब के पास सरेआम शराब पीते आरोपी महावीर साहहू 35 वर्ष, तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी धनेश्वर जांगड़े 24 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आरोपी विशाल श्रीवास 28 वर्ष व नारद साहू 49 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने आरोपी मिल्टू साव 45 वर्ष व काशी साहू 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी जीतेंद्र बया 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 11 जून।** गुढ़ियारी पुलिस ने अवैध शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 15 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 240 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी पुलिस को सूचना मिली कि खालबाड़ा पानी टंकी के पास एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी बनीता दीप 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 15 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 240 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### कृति सिंह को त्रिपुरा ईस्ट लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने पर इंटैक छत्तीसगढ़ ने दी बधाई

**रायपुर, 11 जून।** इंटैक के लाइफ मेंबर,छत्तीसगढ़ के खजुराहो के रुप में विख्यात भोरमदेव, कवर्धा अध्याय से जुड़ी हुई माननीया रानी साहिबा कृति सिंह को त्रिपुरा ईस्ट लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने पर इंटैक छत्तीसगढ़ अध्याय एवं समस्त चैप्टर्स की ओर से हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाए दी हैं। हमें खुशी एवं गर्व है कि हमारे इंटैक परिवार से जुड़ी हुई रानी साहिबा नव निर्वाचित सांसद के रुप में सक्रियता से जनसेवा हेतु रिकार्ड 486819 वोटों के अंतर से जीत हासिल करने में सक्षम होकर सांसद निर्वाचित हुई हैं।

# किसान सम्मान निधि लालफीताशाही की शिकार

## नए मापदण्ड बनाए जाने से अपग्रेड नहीं हो रहा फॉर्म

■ केवाईसी कराने के लिए किसान कर रहे मशक्कत

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 11 जून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पदभार ग्रहण करते ही किसान सम्मान निधि की किश्त जारी कर दी है। लेकिन नौकरशाहों ने सम्मान निधि में केवाईसी के लिए नए मापदण्ड बना दिए हैं। इसके कारण किसान परेशान हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विभाग द्वारा किसानों को सम्मान निधि योजना के तहत 6 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है। पूरे देश में एक हजार करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। छत्तीसगढ़ में इससे करीब 4 लाख से अधिक किसान लाभान्वित होते हैं। रायपुर जिले में इसकी संख्या 80 हजार है। भारत शासन के कृषि मंत्रालय ने केवाईसी अपग्रेड करने के लिए नए मापदण्ड बनाए गए हैं जिसके तहत किसानों को लाभ नहीं मिल रहा है। राज्य में च्वॉइस सेंटरों में सुविधा तो दी गई है लेकिन च्वॉइस सेंटर संचालकों का कहना है कि उनके द्वारा भरा गया फॉर्म स्वीकृत नहीं हो रहा है। कृषि विभाग के उपसंचालक कश्यप के अनुसार किसान सम्मान निधि के लिए नए मापदण्ड बनाए गए हैं इसके कारण बड़ी संख्या में फॉर्म रिजेक्ट हो रहे हैं। उन्होंने बताया प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर ग्रामीण विस्तार सेवा अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं ताकि किसानों को लाभान्वित किया जा सके। किसान नेता राजू शर्मा के अनुसार किसानों को ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड एवं बैंक का पास बुक लेकर आना होगा तभी इस फॉर्म का नवीनीकरण होगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री किसान हितैषी हैं लेकिन नौकरशाहों के चलते इसका लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने मांग की है कि अधिकारी तत्काल इसमें सुधार करवाएं।

### किसानों को प्रमाणिक बीज एवं खाद दिया जा रहा : कश्यप

रायपुर जिले में किसानों को प्रमाणिक बीज एवं खाद समय अनुसार उपलब्ध कराया जा रहा है। सहकारी समितियों में इसका भंडारण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में 24 हजार क्विंटल बीज का वितरण हो चुका है। बरसात पूर्व इसका वितरण किया जा रहा है। किसान रासायनिक खाद का भी तेजी से उठाव कर रहे हैं। ज्ञात रहे राज्य में मानसून 16 जून के आसपास आने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण बस्तर में यह दस्तक दे चुका है। फिलहाल किसानों को खुर्रा बोनी की सलाह दी गई है। राज्य में निजी कृषि केंद्रों में भी बीज खरीदने के लिए किसान सक्रिय हो गए हैं। वर्तमान में खेती में आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग किया जा रहा है।



### पूर्व केन्द्रीय मन्त्री शहीद पण्डित विद्याचरण शुक्ल को 11वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रायपुर 11 जून।** आज पूर्व केन्द्रीय मन्त्री शहीद पण्डित विद्याचरण शुक्ल को उनकी 11 वीं पुण्यतिथि पर राजधानी शहर में नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के सामने नगर निगम उद्यान परिसर स्थित उनकी मूर्ति के समक्ष नगर निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से रखे गए संक्षिप्त आयोजन में पहुंचकर मुख्य रूप से प्रदेश के पूर्व मन्त्री श्री अमितेश शुक्ल, छग पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष श्री शैलेश नितिन त्रिवेदी, रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री आकाश तिवारी, एमआईसी सदस्य श्री कुमार मेनन, श्री सुन्दर लाल जोगी, पूर्व पार्षद श्री रियाज अहमद, श्री मनोज कन्दोई सहित नगर के गणमान्य जनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों ने मूर्ति स्थल पर पहुंचकर पूर्व केन्द्रीय मन्त्री शहीद पण्डित विद्याचरण शुक्ल को उनकी 11 पुण्यतिथि पर सादर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# विधानसभा का मानसून सत्र होगा जुलाई में

■ 15 जून के आसपास जारी कर दी जाएगी अधिसूचना

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 11 जून।** विधानसभा का मानसून सत्र जुलाई के द्वितीय सप्ताह में आहुत किया जाएगा। इसके लिए अधिसूचना अगले सप्ताह जारी कर दी जाएगी। इस सत्र में सरकार किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेगी।

विधानसभा सचिवालय के अनुसार राज्य में आचार संहिता के बाद विधानसभा का सत्र बुलाया जाएगा। इसकी तैयारियां तेज हो गई है। राज्यपाल की अनुशंसा के पश्चात अधिसूचना जारी की जाएगी। सूत्रों के अनुसार 15 जून के आसपास सत्र बुलाने के लिए अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। सचिवालय के अनुसार अभी तक कोई अधिकृत तिथि तय नहीं की गई है लेकिन 15 जुलाई के आसपास विधानसभा सत्र बुलाया जाएगा। सत्र में दो सत्र की अवधि के बीच दिवंगत सदस्यों को श्रद्धासुमन अर्पित किया जाएगा। सत्र में सरकार कोई महत्वपूर्ण विधेयक ला सकती है। राज्य सरकार वित्तीय मामलों के लिए एक अनुपूरक बजट भी पेश कर सकती है। विपक्ष द्वारा शराब दुकानों के लिए आहाता, रेत माफिया एवं हाल में हुए बलौदाबाजार, बेरला बारूद फैक्ट्री में विस्फोट सहित अन्य मुद्दों को उठाया जाएगा। लोकसभा में कांग्रेस की करारी हार को लेकर भी सदन में नोंक-झोंक होगी।

# कैबिनेट की बैठक में होगी मानसून पूर्व खाद-बीज एवं बाढ़ की स्थिति पर चर्चा

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 11 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य में नवनिर्वाचित सरकार लोकसभा चुनाव के पश्चात वर्किंग मोड में आ गई है। अब सरकार शीघ्र ही अपने वायदों को पूरा करने कैबिनेट की बैठक बुलाने जा रही है जिसमें कई अहम फैसले लिए जाएंगे।

आचार संहिता समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री अपने राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय हो गए हैं। अब राज्य शासन एक्शन मोड में आएगा। इसके तहत राज्य में मानसून आते देख किसानों को खाद-बीज एवं कृषि लोन उपलब्ध कराने पर चर्चा की जाएगी। बाढ़ से उत्पन्न स्थिति पर भी चिंतन होगा। राज्य में नई सरकार बनने के बाद बड़ी संख्या में स्थानांतरण के प्रस्ताव लंबित है। सरकार नई स्थानांतरण नीति बनाना चाहती है लेकिन स्थानांतरण सिर्फ सीमित संख्या में होंगे। सभी नए विधायक शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, राजस्व एवं उच्च शिक्षा विभाग में स्थानांतरण के लिए दबाव बनाए हुए हैं। लेकिन मुख्यमंत्री सचिवालय ने फिलहाल इन सभी पर रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार समन्वय समिति से इसकी मंजूरी लेना जरूरी है। वैसे तो राज्य में अनेक महत्वपूर्ण पद खाली पड़े हुए हैं जिनमें पीएएसी के चेयरमैन, राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त एवं पुलिस महानिदेशक का पद रिक्त पड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री इस पर भी अपने सहयोगियों से चर्चा करना चाहते हैं। ताकि आगे चलकर कोई विवाद न हो।

नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में भी होगा फैसला

नगरीय निकाय चुनाव दिसम्बर माह में संभावित है। यह चुनाव प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष प्रणाली से होगा इसका फैसला भी शासन को करना है। पिछली सरकार ने महापौर का चुनाव कराने का निर्णय बदल दिया था। अब नई सरकार प्रत्यक्ष चुनाव कराने पर विचार कर सकती है। कांग्रेस सरकार ने महापौर चुनने का अधिकार पार्षदों को दे दिया था। प्रदेश में 14 नगर निगम, 104 नगर पालिका, 100 से अधिक नगर पंचायत हैं। भाजपा के कई महत्वाकांक्षी नेता इन पदों पर काबिज होना चाहते हैं। इसलिए वे शीघ्र चुनाव कराने के मूड में हैं।

### श्रीमद्भागवत कथा में कलयुग का निग्रह, परिक्षित जी को श्राप तथा शुकागमन की कथा



**रायपुर 11 जून।** ब्राह्मण समाज द्वारा विप्र भवन समता कालोनी में सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा के प्रमुख,प्रकाण्ड विद्वान,वेदों के ज्ञाता तथा अंचल के प्रसिद्ध कथावाचक दण्डी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद- सरस्वती महाराज जी का राजधानी में पहली बार श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन परीक्षित जी के द्वारा कलयुग का निग्रह, परिक्षित जी को श्राप तथा शुकागमन आदि की कथा की।

द्वितीय दिवस आज की कथा में पूज्य दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी ने भगवत भक्तो को वैकुंठधाम की महत्ता दश विध श्रृष्टि वर्णन श्री परीक्षित का उत्तरा के गर्भ में रक्षा तथा परिक्षित जन्म की कथा बताए।ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में अपने पितरों के कल्याण तथा स्वजनों की स्मृति में 21 यजमान सामुहिक रूप से परिवार सहित शामिल हैं।विप्र भवन में सुबह प्रमुख आचार्य पंडित रवि शास्त्री, पंडित खिलेश्वर,तरुण मिश्रा सहित आचार्यों द्वारा वेदीपूजा संपन्न की गई।सपाद लक्षेश्वर धाम, सलधा में निर्माणाधीन सवा लाख शिवलिंग की स्थापना के लिए बड़ी संख्या में भक्तों ने अपने पूर्वजों एवं स्वजनों की स्मृति में 5100/- की राशि दान की। कथा श्रवण में प्रमुख रूप से सुनील शुक्ला, सुरेंद्र शुक्ला,लेखमणि पाण्डेय, सूर्य कुमार शर्मा,दामोदर शर्मा,डॉ कैलाश शर्मा, विभा तिवारी,सुनीता शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में अरविन्द ओझा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**रायपुर 11 जून।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार, दिनांक 09.06.2024 को लोधी रोड़, दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में माननीय राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा जी, चेयरमैन श्री शशिकांत शर्मा जी, वाइस चेयरमैन श्री सुखबीर शर्मा जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री के. सी. पाण्डेय जी की उपस्थिति में संपन्न हुई. इस अवसर पर वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के चेयरमैन शशिकांत शर्मा ने कहा कि अभी तक देश में केवल सात राज्यों में ही ब्राह्मण कल्याण बोर्ड की स्थापना की गई है. वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों से मांग करेगी कि देश के सभी राज्यों में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड तथा परशुराम भवनों की स्थापना की जाए. वर्ल्ड




ब्राह्मण फेडरेशन के चेयरमैन श्री शशिकांत शर्मा ने छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा को स्मृति चिन्ह एवं नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ से उपस्थित प्रदेश महासचिव श्री सुनील ओझा एवं युवा अध्यक्ष श्री अविनय दुबे को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणानिधि मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, महिला विंग अध्यक्ष नमिता शर्मा को आगामी तीन वर्षो 2024 - 2027 तक के लिए मनोनीत कर नियुक्ति पत्र जारी किया गया. वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन की इस राष्ट्रीय कार्यकरिणी बैठक में अन्य देश कनाडा, नेपाल एवं सम्पूर्ण भारत के सभी प्रदेशों से बड़ी संख्या में प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया.

### सुंदर नगर में पेयजल संकट,धरना

**रायपुर 11 जून।** सुंदर नगर वार्ड में पेयजल की समस्या को लेकर पार्षद मृत्युंजय के नेतृत्व में आज लोगों ने धरना दिया। दुबे ने कहा कि भीषण गर्मी के चलते हमारे वार्ड ही नही पूरे शहर के अनेक रहवासी क्षेत्रों में घर एवं सार्वजनिक हैंडपम्प सूखते जा रहे हैं ।पंडित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड 42 में अमृत मिशन के नए नलों में पानी की धार बहुत पतली है और कहीं कहीं पानी नही आ रहा है । लाखेनगर ढाल , एकता कैम्पस , चन्द्रशेखर नगर , मैत्री नगर के नलों में पानी का प्रेशर नही के बराबर है । बार बार पानी नही आने की शिकायत के बाद भी महापौर एजाज ढेबर के कानों में जूं तक नही रेंग रही है वे आँख - कान बन्द करके बैठे हुए हैं ।आज लाखेनगर ढाल छप्पन भोग के सामने पानी की समस्या के निराकरण के लिए वार्ड के प्रमुख नागरिकों के साथ धरना दिया गया। यह धरना नगर निगम को जगाने के लिए और समस्या के निराकरण के लिए है।




### एयरपोर्ट में टैक्सी विवाद समझाइस के बाद खत्म

**रायपुर, 11 जून।** स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में सवारी बैठाने के नाम पर टैक्सी चालकों के बीच आए दिन विवाद के साथ मारपीट करने की घटनाएं सामने आती रहती है। ऐसे ही एक मामले में शनिवार को एयरपोर्ट से टैक्सी संचालन करने वालों का बाहर से आकर सवारी बैठाने वाले एक टैक्सी चालक के साथ जमकर विवाद होने का वीडियो वायरल हो रहा है। टैक्सी चालकों का थाने के अंदर भी विवाद जारी रहा। हालांकि पुलिस ने किसी के खिलाफएफआईआर दर्ज नहीं की, वहीं टैक्सी चालकों को विवाद नहीं करने की हिदायत दी है। पुलिस के मुताबिक, बाहर से टैक्सी लेकर आए एक टैक्सी चालक के साथ एयरपोर्ट से टैक्सी चलाने वाले ड्राइवरों के साथ विवाद होने की घटना सामने आई है। एयरपोर्ट में सवारी बैठाने पहुंचे टैक्सी चालक ने पुलिस को बताया कि पैसेंजर ने ऑनलाइन बुकिंग की थी, इस वजह से वह पैसेंजर को लेने एयररपोर्ट पहुंचा था। फ्लाइट से रायपुर पहुंचे पैसेंजर को वह अपनी टैक्सी में बैठा रहा था। इस दौरान एयरपोर्ट से टैक्सी चलाने वाले ड्राइवरों ने उसे घेर लिया और सवारी ले जाने की बात को लेकर विवाद करने लगे। एयरपोर्ट के बाहर टैक्सी चालकों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित होने पर एयरपोर्ट प्रबंधन अपना पल्ला झाड़ लेता है। शिकायत करने पर एयरपोर्ट प्रबंधन टैक्सी चालकों के साथ यात्रियों को पुलिस का मामला बताकर उन्हें चलता कर देता है।

# सड़क और पुल-पुलिया निर्माण की नई तकनीकों के ज्ञान से अभियंताओं की बढ़ेगी दक्षता: साव

**रायपुर 11 जून।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सड़क और पुल-पुलिया निर्माण की नई तकनीकों के ज्ञान से अभियंताओं की दक्षता बढ़ेगी। इस प्रशिक्षण के माध्यम से वे पुलिया तथा लघु एवं मध्यम पुलों की डिजाइन, निर्माण व रखरखाव की नई और आधुनिक तकनीकों से रू-ब-रू होंगे। राज्य में पुलिया तथा लघु एवं मध्यम पुलों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण और रखरखाव सुनिश्चित करने में इससे मदद मिलेगी। राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग और केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के भारतीय राजमार्ग अभियंता अकादमी द्वारा रायपुर के नवीन विश्राम भवन में लोक निर्माण विभाग के रायपुर और दुर्ग संभाग के अभियंताओं के लिए इस चार दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इसमें दोनों संभागों के विभागीय उप अभियंताओं, सहायक अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं और अधीक्षण अभियंताओं को पुलिया तथा लघु एवं मध्यम पुलों की डिजाइन, निर्माण, रखरखाव और मरम्मत के साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण की बारीकियों की जानकारी दी जा रही है। विभिन्न संस्थाओं और निर्माण एजेंसियों के विषय विशेषज्ञ उन्हें इनका प्रशिक्षण दे रहे हैं। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने अभियंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। व्यक्ति जब तक काम करता है, लगातार सीखता रहता है। समय के साथ कार्यक्षेत्र की जरूरत बदलती है, नई तकनीकें आती जाती हैं। इनके अनुरूप हमें भी अपडेट होना पड़ता है। तभी हमारी उपयोगिता और प्रासंगिकता रहती है। उन्होंने कहा कि आज सड़कों पर लगातार ट्रैफिक बढ़ रहा है, तेज रफ्तार वाली गाड़िया भी आ गई हैं। इन्हें ध्यान में रखते हुए सड़क और पुल-पुलियों के निर्माण में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन जरूरी है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए डीपीआर, टेंडर एग्रीमेंट, गुणवत्ता का निरीक्षण व नियंत्रण तथा कार्यों का भुगतान लोक निर्माण विभाग करता है। इसलिए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा मानक और समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करना भी विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विभागीय अभियंता इस प्रशिक्षण के दौरान देश-दुनिया की नई तकनीकों और नए मानकों से रू-ब-रू होंगे और उन्हें फील्ड में अमल में लाएंगे। इस प्रशिक्षण से हमारे अभियंताओं की योग्यता, कार्यकुशलता और दक्षता में बढ़ोतरी होगी। श्री साव ने इस वृहद प्रशिक्षण के आयोजन के लिए आईएएचई को धन्यवाद दिया।




लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के चार दिवसीय प्रशिक्षण में आईएएचई के निदेशक श्री संजीव कुमार, सीआरआरआई की पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मी परमेश्वरन और श्री सतेन्दर कुमार तथा एलिगेंट कन्सल्टेंट के प्रबंध निदेशक श्री आलोक पाण्डेय पुलिया तथा लघु एवं मध्यम पुलों की डिजाइन, निर्माण, रखरखाव और मरम्मत के साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण की बारीकियों के बारे में बताएंगे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26